नई दिल्ली, सोमवार
06 जनवरी 2025

# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 309 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579




## नमो भारत कॉरिडोर का पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया उद्घाटन

### दिल्ली को 12200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी



नई दिल्ली। पीएम मोदी ने आज न्यू अशोक नगर में 13 किमी. लंबे नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यू अशोक नगर में 13 किमी. लंबे नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद स्टेशन पर अधिकारियों से बात कर इसके बार में जानकारी ली। साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। यात्रा के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों और अन्य लोगों से बातचीत की। इसके अलावा पीएम ने 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

शेष पेज 2 पर

### आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे... भाजपा की परिवर्तन रैली में पीएम मोदी का आप पर बड़ा हमला

आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा, 'बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में भाजपा परिवर्तन रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपना 'आप-दा' आरोप दोहराया। इसी के साथ पीएम मोदी ने दिल्ली सरकार पर पिछले 10 सालों में राष्ट्रीय राजधानी के विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया।

पीएम ने दिल्ली की जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को मौका देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मैं दिल्लीवासियों से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं। दिल्ली और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। सिर्फ बीजेपी दिल्ली का विकास कर सकती है।'

आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा, 'बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।'

### उपराष्ट्रपति की युवाओं को सीख, कहा-

## आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी



नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं से कहा कि दुनिया का कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। राष्ट्रवाद को हमारे सभी हितों चाहे व्यक्तिगत हो या संगठनात्मक से ऊपर होना चाहिए। अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में इन गुणों को बनाए रखें।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से कहा कि दुनिया का कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। राष्ट्रवाद को हमारे सभी हितों चाहे व्यक्तिगत हो या संगठनात्मक से ऊपर होना चाहिए। अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में इन गुणों को बनाए रखें। आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी।

उन्होंने कहा कि आप देश के बेहतरीन युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। एनसीसी में आपकी सदस्यता एक अत्यधिक अनुशासित बल के तौर पर आपको उन गुणों को आत्मसात करने में सक्षम बनाती है जो मानव विकास के लिए आवश्यक हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच प्रमुख स्तंभों पर टिकी है। इसमें सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य शामिल है। सामाजिक सद्भाव विविधता को राष्ट्रीय एकता में बदलता है इसकी आज के

शेष पेज 2 पर

## सीएम नीतीश की दुर्गति यात्रा में अधिकारियों को लूट की छूट, बिहार में लाठी-डंडे की सरकार: तेजस्वी यादव



मोतिहारी । सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जो प्रगति यात्रा पर निकले हैं। यह अधिकारियों को लूट की छूट यात्रा है। बिहार में अधिकारी लूट रहे है और मुख्यमंत्री मूकदर्शक बनकर सबकुछ देख रहे हैं।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव संवाद यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने मोतिहारी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 20 साल में जितना काम नहीं किया है। उससे ज्यादा काम हमने 17 महीने की सरकार में किया। मैंने आईटी, स्पोर्ट्स के क्षेत्र में काम किया है। हमारी सरकार में टोला सेवक से लेकर तालिमी मरकज हो या विकास मित्र सबका वेतन बढ़ाया। इन लोगों ने जो सोचा नहीं था वो काम हमारी सरकार ने किया हमने टूरिज्म पॉलिसी बनाने काम किया। शिक्षकों को समान काम के बदले समान वेतन दिलाया।

**रोज पेपर लीक मामला आता है-** तेजस्वी ने कहा कि हमारी 17 महीने की सरकार ने पांच लाख सरकारी नौकरी देने का काम किया। खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम किया।

शेष पेज 2 पर

### सीएम योगी ने कल्याण सिंह की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि, बोले-

## 'पूरा जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित रहा'



लखनऊ । पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती मनाई जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

राजधानी लखनऊ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल कल्याण सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि उप्र में सुशासन के संस्थापक श्रीराम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का समाज के पुनर्निर्माण में अविस्मरणीय योगदान है।

एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ने कहा कि 'बाबूजी' ने अपने जीवन का एक-एक क्षण समाज व राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया था। सेवा, सुशासन और सामाजिक न्याय हेतु सदैव समर्पित रहे। सीएम ने 'पद्म विभूषण' कल्याण सिंह की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीएम ने कहा कि कल्याण सिंह भारत मां के महान सपूत, राष्ट्रभक्त व रामभक्त थे। 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में आज ही के दिन सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ था। बाल्यकाल से ही देश की आजादी की लड़ाई को देखने, स्वतंत्रता के बोध व भावी भारत के निर्माण में हमारी क्या भूमिका होगी, इन संस्कारों से ओतप्रोत बालक कल्याण सिंह ने उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामान्य शाखा से लेकर आगे के कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था। किसान, शिक्षक, 1977 में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, सांसद, दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री व दो राज्यों के राज्यपाल के रूप में उनकी कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता की दक्षता को हर किसी ने स्वीकार किया।

**सिद्धांतों व मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया**

सीएम ने कहा कि सत्ता के लिए लोग सिद्धांतों की तिलांजलि दे देते हैं। कुछ प्राप्त करने के लिए मूल्यों के साथ समझौता करते हैं, लेकिन कल्याण सिंह जैसे व्यक्तित्व ने मूल्यों व सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। रामजन्मभूमि आंदोलन और उसके बाद भी प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने, प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिए उनके द्वारा 1990 के दशक के प्रारंभ व उत्तरार्ध में जो प्रयास प्रारंभ किए गए थे, वह नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कराते हैं।

शेष पेज 2 पर

## पीएम मोदी से बदला लेने के लिए तैयार बैठी है दिल्ली की जनता: अरविंद केजरीवाल



आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं और जनता का अपमान कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस अपमान का जवाब भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रोहिणी में एक रैली के दौरान आम आदमी पार्टी पर कई आरोप लगाए थे। पीएम के आरोपों पर पूर्व सीएम और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं और जनता का अपमान कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस अपमान का जवाब भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में देगी।

केजरीवाल ने कहा कि फ्म्ळर और मेट्रो की एक लाइन का उद्घाटन तथा एक मेट्रो लाइन का शिलान्यास इस बात का प्रमाण है कि आप दिल्लीवालों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने ऊपर हुए अत्याचार को मुद्दा बनाते तो आज दिल्ली के काम नहीं हो पाते और केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार की फ्म्ळर का उद्घाटन नहीं होता।

केजरीवाल ने दावा किया कि उन्होंने दिल्ली के विकास और हित को सबसे ऊपर रखा।

शेष पेज 2 पर

## निकिता को जमानत मिलने पर अतुल सुभाष के परिजनों का छलका दर्द

### पिता बोले- हमें पोते की चिंता



**नई दिल्ली।** बंगलूरू के इंजीनियर अतुल सुभाष ने ससुरालीजनों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए नौ दिसंबर 2024 को आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के बाद 14 दिसंबर को उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया गिरफ्तार किया गया था। बंगलूरू सिटी सिविल कोर्ट ने शनिवार को निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया और पत्नी के भाई अनुराग सिंघानिया को जमानत दे दी थी।

बंगलूरू के इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में पत्नी निकिता, सास और पत्नी के भाई को जमानत मिलने पर अतुल सुभाष के परिजन निराश हैं। अतुल सुभाष के पिता पवन कुमार मोदी ने कहा कि उनको कानूनी प्रक्रिया के तहत जमानत दी गई है, लेकिन उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए थी। हम अपने पोते के बारे में चिंतित हैं। वह कहां है? अतुल सुभाष के पिता ने कहा कि हमें कर्नाटक पुलिस से पोते के बारे में कुछ जानकारी मिली है। हमें बताया गया है कि पोता फरीदाबाद के एक बोर्डिंग स्कूल में है। यहां उसका दाखिला तीन साल की उम्र में हुआ है। यह गैर कानूनी है। बच्चे की उम्र अभी चार साल का होगा।

शेष पेज 2 पर

महाकुंभ ■ एक देश-एक कार्ड के तहत मिलेगा अनाज...

## महाकुंभ में किसी भी राज्य का हो कार्ड, मेला क्षेत्र में मिलेगा राशन




प्रयागराज। महाकुंभ में एक देश-एक कार्ड के तहत अनाज मिलेगा। किसी भी राज्य का कार्ड हो, मेला क्षेत्र में राशन मिलेगा। आंशिक तौर पर भी राशन ले सकेंगे।

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के पास कार्ड है तो राशन के लिए भटकना नहीं होगा। किसी भी राज्य का राशन कार्ड हो, वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत महाकुंभ में राशन मिलेगा। खास यह कि कार्डधारक आंशिक तौर पर भी राशन ले सकेंगे।

केंद्र सरकार की योजना के तहत राशन कार्डधारकों को प्रति यूनिट ढाई-ढाई किलो मुफ्त चावल और गेहूं दिया जाता है। महाकुंभ में पांच लाख से अधिक कल्पवासियों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा हजारों की संख्या में श्रमिक एवं स्वच्छता कर्मी भी महाकुंभ में कार्यरत हैं।

इनमें से बड़ी संख्या में लोगों के पास राशन कार्ड है। इसे देखते हुए मेला क्षेत्र में खुलने वाली अस्थायी राशन की दुकानों पर वन नेशन वन कार्ड योजना लागू की कई है। जिला पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि महाकुंभ क्षेत्र में 138 दुकानें खोली गई हैं।

देश में कहीं के भी कार्डधारक हों, महाकुंभ में खुली दुकानों पर राशन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन दुकानों पर आंशिक या पूरा राशन प्राप्त किया जा सकेगा।

यानी, यदि किसी कार्ड में परिवार के चार सदस्यों के नाम शामिल हैं तो यहां एक, दो या तीन सदस्यों का राशन भी प्राप्त किया जा सकता है। शेष राशन संबंधित दुकान से लिया जा सकेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया है।

महाकुंभ में आने वाले कल्पवासियों तथा श्रद्धालुओं को सरकारी दुकानों से सस्ते दर पर चावल, आटा और चीनी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रति व्यक्ति तीन किग्रा आटा और दो किग्रा चावल उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, एक कार्ड पर एक किग्रा चीनी दी जाएगी। चावल छह, आटा पांच तथा चीनी 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से उपलब्ध कराई जाएगी।

शेष पेज 2 पर

# असम के तिनसुकिया में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक। केंद्र की फ्लैगशिप योजना की प्रगति की लिया जायजा ।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असमः** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने आज तिनसुकिया जिले का दौरा किया और एक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में भाग लिया। उन्होंने प्रत्येक विभाग के जिला प्रमुखों के साथ सीधे विकास कार्यों का जायजा लिया और इसकी बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। ‡हमें डर या मजबूरी से काम नहीं करना है, बल्कि रुचि या सेवा की भावना के साथ करना है। ऐसी चीजों को करने का मौका मिलना एक पूर्ण विशेषाधिकार माना जाना चाहिए। '



बैठक के प्रारंभ में तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्निल पाल ने फूलम गमोसा, शराई व पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल का भावार्थ स्वागत किया। उन्होंने जिले का संक्षिप्त परिचय भी दिया। बैठक में राज्य के श्रम एवं श्रम कल्याण और गृह मंत्री रूपेश गोआला, पूर्व मंत्री तथा तिनसुकिया विधायक संजय किशन, मार्घेरिटा विधायक भास्कर शर्मा, साबुआ विधायक पोनाकन बरुआ , मोरान स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी अरुणज्योति मोरान, तिनसुकिया के पुलिस अधीक्षक गौरव अभिजीत दिलीप, सदिया पुलिस जिले के अधीक्षक जगदीश दास, जिला विकास आयुक्त पवित्र कुमार दास, जिला परिषद के सीईओ गुरनील सिंह सहित सभी अपर आयुक्त एवं विभागाध्यक्ष अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के अंत में उन्होंने पत्रकारों को संबोधित भी किया और उन्हें अपनी यात्रा के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि आज गुवाहाटी से विमान द्वारा डिब्रूगढ़ पहुंचने के बाद राज्यपाल वहां से कार से शाम चार बजे तिनसुकिया पहुंचे। इसके बाद वह जिला आयुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने के बाद फिर से डिब्रूगढ़ लौट गए। राज्यपाल आचार्य आज रात डिब्रूगढ़ के अवर्त भवन में ठहरेंगे।

# असम के खेल और युवा कल्याण मंत्री नंदिता गालोर्सा ने किया कामरूप जिले के रामपुर में खेल महाराण 2.0 विधानसभा क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता का उद्घाटन

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असम : असम के कामरूप जिले के पलाशबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में कल शनिवार को असम सरकार की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री नंदिता गरलोसा ने पलाशबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए दो दिवसीय विधानसभा क्षेत्र स्तरीय खेल महारान 2.0 प्रतियोगिताओं का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन भाषण देते हुए मंत्री नंदिता गालोर्सा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य की खेल प्रतिभाओं में उत्कृष्टता के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित खेल महारण 2.0 प्रतियोगिता राज्य में खेलों का माहौल बनाने में मदद करेगी। उन्होंने छात्रों से आगे आने और खेलों में शामिल होने की भी अपील की। कामरूप जिले के जिला आयुक्त देव कुमार मिश्रा द्वारा स्वागत भाषण दिये गये आज के समारोह में पलाशबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमांग ठाकुरिया और असम सरकार के खेल और युवा कल्याण विभाग के सचिव केजे हिलाली ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निदेशक प्रदीप तिमुंग, कामरूप जिले की अतिरिक्त जिला आयुक्त सुजाता गोगोई, कामरूप जिले के जिला खेल अधिकारी सत्यब्रत गोगोई, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता अंजन गोस्वामी, खेल महारण 2.0 के लिए पलाशबाड़ी विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचन क्षेत्र स्तरीय समिति के अध्यक्ष गोलाप मालाकार, दक्षिण कामरूप खेल संघ के सचिव सुकुमार मेधी, खो खो खेला के अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रूपा ठाकुरिया, कबड्डी राष्ट्रीय पदक विजेता भारती कलिता के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे । कल शनिवार को आयोजित खेल प्रतियोगिता में 1250 से ऊपर खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## पेज एक का शेष...

### नमो भारत कॉरिडोर का पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया उद्घाटन

पीएम ने दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी पश्चिम-कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले दो किमी लंबे हिस्से का उद्घाटन किया। इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी और जनकपुरी के लोगों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा करीब 26 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला भी रखी। यह कॉरिडोर रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। वहीं, रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखेंगे। इसका निर्माण करीब 185 करोड़ रुपये की लागत से होगा।

वहीं, पीएम ने नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

आरआरटीएस को दिल्ली के चारों और के शहरों से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल लोगों के समय की बचत होगी बल्कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में भी राहत मिलेगी। एनसीआर से दिल्ली में रोजाना आवाजाही करने वाले लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा। मौजूदा समय में आरआरटीएस के फेज-1 में तीन कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। जिसमें से दिल्ली-मरेठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शेष दो अन्य दिल्ली-अलवर और दिल्ली पानीपत कॉरिडोर पर भी जल्द काम शुरू होगा। वहीं फेज-दो में पांच कॉरिडोर प्रस्तावित हैं।

इस तरह से आरआरटीएस के आठ कॉरिडोर के तैयार हो जाने से दिल्ली-एनसीआर में मास ट्रांजिट सिस्टम दुनिया के अन्य शहरों से भी बड़ा हो जाएगा। दिल्ली के चारों ओर 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी प्रमुख शहर आरआरटीएस से जुड़ेंगे।

291 किमी की लंबाई के होंगे तीन कॉरिडोर

दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर 82.15 किलोमीटर लंबा है। दिल्ली के हिस्से में 14 किलोमीटर तो यूपी के हिस्से में करीब 68 किलोमीटर है। फेज-1 में प्रस्तावित दो अन्य कॉरिडोर दिल्ली से पानीपत कॉरिडोर की लंबाई 103.02 किमी जबकि वहीं, राजस्थान के अलवर और सराय काले खां के बीच के कॉरिडोर की लंबाई 106 किमी है। दिल्ली से पानीपत और अलवर के कॉरिडोर के निर्माण हो जाने के बाद दिल्ली-एनसीआर में आरआरटीएस की सभी कॉरिडोर की कुल लंबाई 291 किमी से अधिक होगी। बताया जा रहा है कि इन दोनों कॉरिडोर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा चुकी है। केंद्र सरकार की हरी झंडी के बाद इस पर काम शुरू किया जाएगा।

दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों से होगी कनेक्टिविटी

मौजूदा समय में दिल्ली मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर आनंद विहार, न्यू अशोक नगर और सराय काले खां मेट्रो स्टेशन से जुड़ा हुआ है। आरआरटीएस के दो अन्य कॉरिडोर भी दिल्ली मेट्रो से जुड़ेंगे। इसमें सराय काले खां से अलवर कॉरिडोर आईएनए, मुनिरका और एयरोसिटी समेत कई मेट्रो स्टेशनों से जुड़ेगा। साथ ही पानीपत जाने वाला कॉरिडोर भी कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के साथ अन्य स्टेशन से जुड़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि जरूरत के हिसाब से दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों के साथ आरआरटीएस कॉरिडोर जुड़ेंगे। ताकि लोगों की आवाजाही बिना किसी रुकावट के हो सके।

शाम 5 बजे से हर 15 मिनट पर मिलेगी नमो भारत ट्रेन

नया सेक्शन शुरू होने के बाद शाम पांच बजे से 15 मिनट के अंतराल पर नमो भारत ट्रेन जनता के लिए उपलब्ध होगी। आनंद विहार से मेरठ तक 35 मिनट व न्यू अशोक नगर से मेरठ तक 40 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। दिल्ली से मेरठ की दिशा में न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये व प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये है।

### आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे... भाजपा की परिवर्तन रैली में पीएम मोदी का आप पर बड़ा हमला

पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने वाला है। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि जिस आप-दा सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई विजन न हो, जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली का विकास नहीं कर सकती है। दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है।

अपनी पार्टी की उपलब्धियां गिनवाते हुए पीएम ने कहा, 'जैसे दिल्ली मेट्रो चप्पे-चप्पे तक पहुंची, तो ये काम भाजपा की केंद्र सरकार ने किया है। बीते एक दशक में दिल्ली-एनसीआर में मेटो नेटवर्क दोगुने से भी अधिक हो चुके हैं। आज जनकपुरी और कृष्णा पार्क के लिए भी मेट्रो शुरू हो चुकी है। ये जो नमो रेल प्रोजेक्ट है ये भी केंद्र सरकार बना रही है।'

शीशमहल विवाद को उठाते हुए, पीएम मोदी ने कहा, 'दिल्ली पर आप-दा लाने वाले ये झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देती...केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती। ये कितने बड़े झूठे हैं। इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने उअॠ रिपोर्ट के आधार पर शीश महल पर हुए खर्च का खुलासा किया है।'

पीएम ने आगे कहा, 'जब दिल्ली के लोग कोरोनो से जूझ रहे थे, जब दिल्ली के लोग ऑक्सीजन और दवाओं के लिए भटक रहे थे. तब इन लोगों का पूरा फोकस अपना शीश महल बनवाने पर था। इन्होंने शीश महल का भारी भरकम बजट बनाया। यही इनकी सच्चाई है। इन्हें दिल्ली के लोगों का कोई परवाह नहीं है। इसलिए आज हर दिल्लीवासी कह रहे हैं, आप-दा नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे।'

अंत में पीएम ने कहा कि आप-दा वालों के काम का कोई हिसाब नहीं है, लेकिन इनके कारनामे बेहिसाब हैं। ये तब होता है जब नीयत में खोट होता है और जनता के प्रति निष्ठा नहीं होती है। ये आप-दा वाले दिल्ली चुनाव में अपनी हार सामने देखकर बौखला गए हैं, झूठ फैला रहे हैं।

### 'पूरा जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित रहा'

सीएम ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों को पहली बार इसका अहसास तब हुआ, जब मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करके कल्याण सिंह जी ने शासन व्यवस्था को आगे बढ़ाया। उस समय भी उन्हें अस्थिर करने के लिए झुंड के झुंड अव्यवस्था फैलाने पर उतारू थे। उसकी परवाह किए बिना उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए सरकार की तिलांजलि दी। उनकी दूरदर्शिता थी, जो सपना उन्होंने देखा, वह साकार हो गया। आज अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो गया तो उनकी आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी।

युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल करने का चलाया था अभियान-सीएम ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानववाद को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में सीखा था, उसे धरातल पर भी उतारा। अन्नदाता किसानों के लिए घोषित योजनाएं हों, नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से उप्र के युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल करने के उनके द्वारा चलाया गया अभियान भी अनुकरणीय है।

शुचिता की बात पर श्रद्धा से लिया जाता कल्याण सिंह का नाम- सीएम ने कहा कि 21 अगस्त 2021 को वे भौतिक काया से हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनका मार्गदर्शन शासन-प्रशासन के लिए आज भी पाथेय बना है। उप्र में जब भी शुचिता की बात होती है, हर प्रदेशवासी श्रद्धा-सम्मान के साथ कल्याण सिंह का नाम लेता है। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान मजबूती के साथ सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करके आमजन के जीवन में परिवर्तन करते दिखाई देते हैं। जिस नए उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन लगाया, उसके लिए हम सब मिलकर कार्य करें। सीएम ने कहा कि राष्ट्रवाद व सुशासन का मंत्र ही नए भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश की भूमिका को रेखांकित कर पाएगा।

सीएम ने कहा कि जिस बेसिक शिक्षा स्कूल के छात्र के रूप में कल्याण सिंह ने पढ़ाई और अध्यापक के रूप में कार्य किया होगा। उनके पौत्र आज उस विभाग के मंत्री के रूप में शिक्षा को नई दिशा दे रहे हैं। यही पूर्वजों की तपस्या और साधना का फल है। सही दिशा में किए गए प्रयास से परिणाम अवश्य आएंगे। 25 करोड़ जनता के जीवन में सुरक्षा व खुशहाली लाकर कल्याण सिंह के सपनों का उत्तर प्रदेश बढ़ाया जा सकता है।

यह लोग रहे मौजूद-इस मौके पर कल्याण सिंह के पुत्र पूर्व सांसद राजवीर सिंह 'राजू भैया' ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद साक्षी जी महाराज, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी

समय में आवश्यकता है। जमीनी स्तर पर देशभक्ति के मूल्यों को पोषित करना हमारे पारिवारिक प्रबोधन का हिस्सा होना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उसका संरक्षण और सृजन करना चाहिए। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। नागरिक कर्तव्य प्रत्येक नागरिक को प्रगति का पथ प्रदर्शक बनाते हैं। ये पंच प्राण हमारी संस्कृति में रच-बसकर, व्यक्तिगत जिम्मेदारी, पारंपरिक मूल्यों और एकता की ओर यात्रा को प्रेरित करते हैं।

उन्होंने कहा कि ये पांच मूल्य जिम्मेदारी और चेतना के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्रवादी भावना का निर्माण करेंगे। इनका प्रतिदिन अभ्यास करें और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ सतर्क रहें। मातृभूमि के प्रति हमारा समर्पण दृढ़ और अडिग होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे अस्तित्व का आधार है। चुनौतियां इसलिए पैदा होती हैं क्योंकि राष्ट्र पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर प्रशंसित वृद्धि देख रहा है। जिससे दुनिया ईर्ष्या करती है और हर नागरिक पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हम राष्ट्रीय आशावाद के दौर में जी रहे हैं, क्योंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक संस्थाओं द्वारा भारत को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्वीकार किए जाने के कारण युवाओं के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। यह बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के माध्यम से हासिल किया गया है। जो हर युवा को अपनी क्षमता और प्रतिभा का एहसास कराने में सक्षम बनाता है। शासन ने सभी क्षेत्रों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को योग्यता आधारित तंत्र में बदलते हुए बहुत जरूरी पहल की है।

### पीएम मोदी से बदला लेने के लिए तैयार बैठी है दिल्ली की जनताः अरविंद केजरीवाल

उन्होंने कहा कि जनता के काम कराने के लिए हमने इनके आगे हाथ भी फैलाये और कभी-कभी संघर्ष भी किया। आज बीजेपी के डबल इंजन सरकारों के कामों और आप के कामों को उठाकर देख लो हमारे काम बेहतर हैं।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा, 'पीएम मोदी आज भी केवल दिल्ली की जनता और उनकी चुनी हुई सरकार को गालियां देकर गए हैं। प्रधानमंत्री जी 2020 में आपने दिल्ली देहात के किसानों को जमीनों का मालिकाना हक दिलाने और प्लॉट देने का वादा किया था, उस वादे का क्या हुआ।'

केजरीवाल ने पीएम को उनके पुराने वादों की याद दिलाते हुए कहा, ‡मोदी जी, ग्रामीण दिल्ली के लोग अभी भी आपके पुराने वादों के पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 2020 में दिल्ली भूमि सुधार की धारा 81 और धारा 33 को खत्म करने का वादा किया था। मोदी जी, अब जब आप अगली बार भाषण देने दिल्ली आएं तो कृपया इस पर भी बोलें।

उन्होंने आगे कहा, ‡मोदी जी, आपने अभी तक दिल्ली मास्टर प्लान 2041 को अधिसूचित क्यों नहीं किया है? दिल्ली लैंड पूलिंग नीति अभी तक लागू क्यों नहीं की गई है? ये लोग सिर्फ केजरीवाल को गाली देने के लिए वोट मांगते हैं ‡ अंत में केजरीवाल ने पीएम मोदी से कहा कि ग्रामीण दिल्ली के लोग आपसे बदला लेने के लिए तैयार हैं।

मोदी जी, दिल्ली देहात की जनता आपसे बदला लेने के लिए तैयार बैठी है

### सीएम नीतीश की दुर्गति यात्रा में अधिकारियों को लूट की छूट, बिहार में लाठी-डंडे की सरकारः तेजस्वी यादव

हमारी 17 महीने की सरकार में लोगों के चेहरे पर खुशी थी। आज बिहार में लाठी-डंडे की सरकार है। नौजवान निराश हैं। रोज पेपर लीक मामला आता है। निर्दोष छात्रों को बेरहमी से पीटा जा रहा है।

अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री चुप्पी साधे हैं वहीं सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जो प्रगति यात्रा पर निकले हैं। यह अधिकारियों को लूट की छूट यात्रा है। बिहार में अधिकारी लूट रहे है और मुख्यमंत्री मूकदर्शक बनकर सबकुछ देख रहे हैं।यह मुख्यमंत्री के यह प्रगति यात्रा नहीं बल्कि बिहार की दुर्गति यात्रा है। अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री चुप्पी साधे हैं। ना किसी से संवाद करते है ना किसी अधिकारी से बात करते है। हर एक महत्वपूर्ण मुद्दा पर चुप्पी लगाए है। छात्रों को लाठी डंडे से पीटा जा रहा है लेकिन यह नौजवानों का खोज खबर नहीं रखते हैं।

2500 रुपये माताओं-बहनों के खाता में डाला जाएगा-तेजस्वी यादव ने कहा कि 2025 में हमारी सरकार बनती है तो 'माई बहन मान योजना' के तहत 2500 रुपये माताओं-बहनों के खाता में डाला जाएगा। इसके अलावा 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जायेगी। साथ ही वृद्धा पेंशन ,सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विधवा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने का काम किया जायेगा। मौके पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ शमीम अहमद, राजद जिलाध्यक्ष मनोज यादव उपस्थित रहे।

### निकिता को जमानत मिलने पर अतुल सुभाष के परिजनों का छलका दर्द

जनवरी 2024 में उसका दाखिल हुआ है। तीन साल से कम की उम्र उसका आवासीय विद्यालय में दाखिल कराया गया। उसके पिता का नाम भी नहीं दिया गया है। पिता के फोटो की जगह माता का फोटो लगा है। यह पूरी तरह से फर्जी है।

उन्होंने कहा कि निकिता को अपने बच्चे से कोई प्यार नहीं है। वह पैसे ऐंठने के लिए उसे एटीएम की तरह इस्तेमाल कर रही है। अभी भी उसने बच्चे को हथियार बनाकर जमानत ले ली।

अतुल सुभाष के भाई विकास मोदी ने कहा कि हम निकिता सिंघानिया और उनके परिवार के सदस्यों के जमानत आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय जाएंगे और यदि आवश्यक हुआ तो हम सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएंगे। मैं जानना चाहता हूं कि कोर्ट को मृत्यु प्रमाण पत्र की इतनी जल्दी क्यों है? अगर आप प्रमाण पत्र को देखें तो उस पर कोई मुहर नहीं है और एक साफ कागज पर तीन हस्ताक्षर किए गए हैं। वो हस्ताक्षर भी असली है या नहीं, ये भी हम नहीं जानते। इसकी प्रामाणिकता पर सवाल उठते हैं।

अतुल सुभाष आत्महत्या केस-बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले अतुल सुभाष और यूपी के जौनपुर जिले की निवासी निकिता सिंघानिया की शादी साल 2019 में हुई थी। जिसके कुछ दिन बाद से ही दोनों के बीच कई मामलों लेकर अनबन थी। इसके बाद से दोनों ने तलाक के किए कोर्ट कचहरी के चक्कर भी लगाए थे। अतुल सुभाष ने फैमिली कोर्ट की जज रीता कौशिक और ससुरालीजनों की तरफ से बड़े पैमाने पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए नौ दिसंबर 2024 को आत्महत्या कर ली थी।

14 दिसंबर को गिरफ्तार हुआ था सिंघानिया परिवार-वहीं अतुल सुभाष के आत्महत्या के बाद 14 दिसंबर को उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया को हरियाणा के गुरुग्राम और सास निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद तीनों को बंगलूरू लाया गया था, जहां अदालत में पेश करने के बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। बंगलूरू सिटी सिविल कोर्ट ने शनिवार को आरोपी सिंघानिया परिवार की याचिका स्वीकार करते हुए अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया और पत्नी के भाई अनुराग सिंघानिया को जमानत दे दी थी।

### महाकुंभ में किसी भी राज्य का हो कार्ड, मेला क्षेत्र में मिलेगा राशन

इसके लिए कल्पवासियों तथा श्रद्धालुओं के अस्थायी राशन कार्ड बनाए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई। राशन कार्ड मेला क्षेत्र में खुले अस्थायी दुकानों पर आवेदन करने वालों के सत्यापन तथा सर्वे के आधार पर बनाए जाएंगे। इसके लिए 93 लेखपाल लगाए गए हैं, जिन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

अखाड़ों, संस्थाओं को दिए जाएंगे परमिट- अखाड़ों तथा संस्थाओं को अधिक राशन की जरूरत होगी। इसलिए इन्हें परमिट जारी किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया 10 जनवरी से शुरू करने की तैयारी है। परमिट संस्थाओं की मांग तथा उनके सत्यापन के बाद जारी किए जाएंगे।

बनेगा अस्थायी घरेलू गैस कनेक्शन- महाकुंभ में जरूरत के अनुसार अस्थायी घरेलू गैस कनेक्शन भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा श्रद्धालु एवं कल्पवासी घर से लाए सिलिंडर में भी गैस भरवा सकेंगे। हालांकि, इसके लिए घरेलू कनेक्शन के साक्ष्य दिखाने होंगे। गैस सिलेंडर पांच, 14 और 19 किग्रा के मिलेंगे।

**प्रमुख बिंदु**

- 25 सेक्टरों में खुलेंगी राशन की 138 दुकानें
- 24 गैस एजेंसियां खोली गई हैं
- 93 लेखपाल करेंगे सत्यापन एवं सर्वे

# जैन मिलन बडौत ने धूमधाम से मनाया पारिवारिक आनंद महोत्सव

एनपीटी ब्यूरो

बागपत। नववर्ष 2025 के अवसर पर जैन मिलन नगर बड़ौत द्वारा श्री अजितनाथ सभागार बड़ौत में पारिवारिक आनन्द महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया।

समारोह की अध्यक्षता वीर सुनील कुमार जैन ने की तथा संचालन वीर वरदान जैन एवं वीर राजेश जैन भारती ने किया।

इस पारिवारिक समारोह में मुख्य अतिथि अतुल जैन सर्राफ अध्यक्ष श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मन्दिर पार्श्व विहार बड़ौत ने सभी को नववर्ष की शुभकामनायें दी। इस भव्य समारोह में मेरठ से भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर सुनील कुमार जैन जेनरेटर वालों ने नववर्ष उपहार प्रदान किये।समारोह अध्यक्ष वीर सुनील कुमार जैन कश्मीरी स्वीट्स ने नववर्ष समारोह के भव्य आयोजन की बहुत सराहना की।स्वागत अध्यक्ष वीर संदीप कुमार जैन पारस टिम्बर ने सभी अतिथिगण को तिलक लगाकर




स्वागत किया। मंच उद्घाटन कर्ता वीर विजय कुमार जैन डी जी एम मलकपुर शुगर मिल ने तथा चित्र अनावरण सभासद नीरज जैन नीटू तथा सभासद राकेश कुमार जैन ने किया। दीप प्रज्वलन वीर ललित कुमार जैन कलश कृषि उद्योग ने किया। समारोह के होस्ट शाखा अध्यक्ष वीर सुनील कुमार जैन सिगनेट वाले , कार्यकारी अध्यक्ष वीर सुधीर जैन श्री शांतिनाथ साड़ीज, मंत्री वीर विनय कुमार जैन जय पारस किड्स वियर तथा शाखा कोषाध्यक्ष वीर दीपक कुमार जैन क्लॉथ मर्चेंट रहे। महावीर प्रार्थना के साथ समारोह प्रारंभ हुआ। उसके बाद हिमांशु अलंकार ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक ग्रुप डांस की प्रस्तुति की गई। मिलन सदस्यों द्वारा लाजवाब कपल गेम एवं डांस प्रस्तुति ने समारोह में धूम मचा दी। बेटियों के नृत्य, शानदार हास्य नाटिका प्रस्तुत की गई। आज के इस भव्य समारोह में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक वीर नरेन्द्र जैन राजकमल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर मनोज कुमार जैन, क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर प्रदीप जैन एडवोकेट, क्षेत्रीय मंत्री वीर वीरांगना राखी जैन, वीर सनत जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरांगना सुमन जैन, वीर प्रो एम एस जैन, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री वीर संतोष कुमार जैन एडवोकेट, वीर वीरेंद्र जैन पिंटी, वीर पुनीत जैन, वीर नवीन जैन बब्बल, वीर संजीव जैन डाबर वाले, वीर आदीश जैन सबगा वाले, वीर सुधीर जैन मंडी वाले सहित जैन जैन मिलन परिवार बड़ौत की सभी शाखाओं के अध्यक्ष, मन्त्री गण तथा जैन मिलन नगर बड़ौत के पदाधिकारी एवं सदस्य गण की सपरिवार उपस्थिति ने समारोह को भव्यता प्रदान की।

कार्यक्रम संयोजक वीर मनोज जैन एम एस, वीर संजय जैन, वीर जे के जैन, वीर मुकेश जैन, वीर राजेन्द्र जैन, वीर डॉ राकेश जैन, वीर आशीष जैन सी ए, वीर प्रशांत जैन, वीर अनिल जैन आदि ने सभी व्यवस्थायें बहुत अच्छे से पूर्ण की। सभी अतिथिगण को शॉल, पटका व गिफ्ट देकर समारोह सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों को नववर्ष उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# गीता खेरा राष्ट्रीय गौरव महिला पुरस्कार से हुई सम्मानित

एनपीटी ब्यूरो

बागपत। हमारे सपने ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्षा गीता खेरा को राष्ट्रीय गौरव महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा करनाल में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान दिया गया।शिक्षा, महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए समाज सुधारक गीता खेरा को जरूरतमंद लोगों के उत्थान और पूरे भारत में लड़कियों और महिलाओं के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने में उनके



अथक कार्य के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सुप्रिया कार्निक ने प्रदान किया। इस अवसर पर बोलते हुए गीता खेरा ने नरेंद्र अरोड़ा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शिक्षा को आगे लाने वाली पहली महिला सावित्रीबाई फुले जी के सम्मान में राष्ट्रीय गौरव महिला पुरस्कार प्राप्त करने पर मैं बहुत ही गर्व महसूस कर रही हूँ। मैं यह पुरस्कार उन महिलाओं और बच्चों को समर्पित करती हूँ जो अपनी दृढ़ता और साहस के माध्यम से मुझे हर दिन प्रेरित करती हैं।

# बारादरी थाने के इंस्पेक्टर, सेटेलाइट चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल निलंबित

एनपीटी ब्यूरो



बरेली। निलंबित लेखपाल सावन कुमार जायसवाल और उसके गैंग की मदद से एक कारोबारी की जमीन पर जबरन कब्जा कराया। यह मामला 13 और 14 दिसंबर की रात का है।

जब पुलिस ने कारोबारी मोहम्मद इलयास और उनके परिवार के सदस्यों को ाने में हिरासत में लिया और इसी दौरान उनकी जमीन पर कब्जा करवा दिया गया।

एसपी सिटी मानुष पारीक की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी अनुराग आर्य ने कार्रवाई करते हुए तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। साथ ही, लेखपाल गैंग के खिलाफ बारादरी थाने में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनके खिलाफ भू-माफिया और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की तैयारी हो रही है।

## नगर निगम का कारनामा, साढ़े तीन करोड़ का बिल चुटकियों में हुआ 10 लाख का

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। सिविल लाइंस में डेढ़ सौ वर्ग गज में बने एक मकान को एक करोड़ का हाउस टैक्स बिल भेज दिया गया तो पटेल चौक के पास स्थित एक बड़े शोरूम का हाउस टैक्स का साढ़े तीन करोड़ का बिल चुटकियों में 10 लाख का हो गया। टैक्स के बिलों में हुए ऐसे तमाम उलटफेर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि नगर निगम में क्या चल रहा है और शहर के आम आदमी को टैक्स के जंजाल में कितनी बुरी तरह फंसा दिया गया है। एक तरफ छोटे घरों में रहने वाले लोगों की हाउस टैक्स के अनापशनाप बिलों को ठीक कराने के लिए नगर निगम की दौड़ खत्म होने का नाम नहीं ले रही है तो दूसरी ओर करोड़ों के बिल पल भर में लाखों के रह जा रहे हैं। पटेल चौक स्थित शोरूम के साढ़े तीन करोड़ के बिल को स्वकर निर्धारण के जरिए 10 लाख रुपये कर दिए जाने के अलावा करीब 19 और ऐसे लोग हैं जिन पर 50 लाख से एक करोड़ तक का बकाया था लेकिन टैक्स विभाग में हुए "सुधार" के बाद यह रकम कई गुना कम हो गई। पार्षद राजेश अग्रवाल के मुताबिक बांके बिहारी मंदिर और सौदागरान स्थित प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर पर कभी टैक्स लागू नहीं किया गया था लेकिन इस बार मंदिर के उस छोटे हिस्से का भी बिल भेज दिया गया जिसमें पुजारी रहते हैं। टैक्स विभाग ने बिलों में कहीं किसी मकान का क्षेत्रफल बढ़ाकर दिखाया है तो किसी की संपत्ति का बिल किसी और के नाम जारी कर दिया है।

# प्रसिद्ध जैन तीर्थ पद्मावती धाम खेकड़ा में हुई मां की भक्तिमय आराधना

एनपीटी ब्यूरो

बागपत। बागपत के प्रसिद्ध जैन तीर्थो में शुमार चमत्कारी श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती धाम खेकड़ा में मां पद्मावती की भक्तिमय आराधना की गयी। मां की भक्तिमय आराधना गणिनी आर्यिका श्री 105 सरस्वती माताजी के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुई। प्रसिद्ध भजन गायक हिमांशु अग्रवाल, आर्यन जैन व सोनू सागर ने माँ पद्मावती के एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मां पद्मावती की भक्ति आराधना में चौकी



नमनकर्त्ता का सौभाग्य प्रशान्त जैन व सौम्या जैन प्रवेश विहार शास्त्री नगर मेरठ को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की आयोजनकर्त्ता श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती दिगम्बर जैन मन्दिर समिति ने माँ की आराधना में आने वाले समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धाम के अध्यक्ष अंकुश जैन, सह कोषाध्यक्ष लाजपतराय जैन, सह संयोजक राजेश जैन रोहिणी, दीपक जैन, सुरेश जैन, अभिनव जैन, हिमांशु जैन, अमित जैन, विकल्प जैन, विदित जैन सहित सैंकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# पी टी ओ तथा मिल प्रबंधन ने लगाए गन्ने के वाहनों पर रिफ्लेक्टर



एनपीटी ब्यूरो

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।रविवार को राणा शुगर मिल में पी टी ओ होरीलाल वर्मा ने राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष रणधीर सिंह तथा गन्ना जी एम प्रदीप राठी के साथ मिल परिसर में खड़ी बिना रिफ्लेक्टर वाली तमाम ट्रैक्टर ट्रॉलियो पर रिफ्लेक्टर लगवाया साथ ही गन्ने से लादकर ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आए चालकों से पी टी ओ ने अपील करते हुए कहा कि ट्रॉली के अंदर ओवरलोड गन्ना बिल्कुल न भरें। ट्रेक्टर ट्राली के दोनों ओर रिफ्लेक्टर लगाने का प्रयास करें।

घना कोहरा होने के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। जिस पर वाहनो के आगे-पीछे अच्छी तरह से रिफ्लेक्टर लगाए गए। तथा पीछे लाल कपड़े का प्रयोग करें,पी टी ओ होरीलाल वर्मा ने मिल परिसर में ट्रैक्टर ट्रॉली एव टिपलर तथा ट्रक चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की इस अवसर पर राणा शुगर मिल की ओर से ट्रक तथा ट्रैक्टरों को के चालकों को लाल कपड़ा भी दिया गया यह लाल कपड़ा ट्रक ट्रैक्टर तथा ट्रालियों के पीछे बांधा जाएगा जिस पर रिफ्लेक्टर की पट्टियां लगी रहेंगी, इस मौके पर पी टी ओ होरीलाल वर्मा राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष रणधीर सिंह जीएम प्रमोद राठी एच आर मैनेजर मोहित चौधरी, अनुज आर्य आदि मौजूद रहे।

# एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया बरेली और रामपुर एडमिनिस्ट्रेशन के बीच मैच

## डीएम रामपुर और एसएसपी बरेली ने खेली कप्तानी पारी

एनपीटी ब्यूरो

बरेलीः बरेली और रामपुर जिले के अधिकारियों से सजी टीमों के बीच रविवार को फ्रैंडली क्रिकेट मैच खेला गया। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में हुए मैच में दोनों जिलों की टीमें बरेली इलेवन और रामपुर इलेवन के नाम से मैदान में उतरीं। इसमें डीएम रामपुर जोगिंद्र कुमार और एसएसपी बरेली अनुराग आर्य ने अपनी अपनी टीम के लिए कप्तानी पारी खेली और आकर्षक खेल से दर्शकों का मनोरंजन किया। हालांकि कप्तान अनुराग ने खुद को कप्तान साबित किया और जोगिंद्र कुमार की गेंद पर शानदार छक्का लगा जीत बरेली इलेवन के नाम लिखी।

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में रविवार दोपहर खिली हुई धूप के बीच बरेली टीम के कप्तान अनुराग आर्य



ने टॉस जीत कर रामपुर टीम के कप्तान जोगिंद्र कुमार को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। एई पीडब्ल्यूडी अभिषेक यादव के साथ कप्तान जोगेंद्र कुमार अपनी टीम के लिए ओपनिंग करने उतरे। यह जोड़ी जम पाती इससे पहले सीडीओ जग प्रवेश ने अपने दूसरे ओवर में अभिषेक (3 रन) को बोल्ड कर दिया। रामपुर के सिटी मजिस्ट्रेट संदीप वर्मा को भी अगले ओवर में जग प्रवेश ने हिमांशु गंगवार के हाथ कैच करवा कर रामपुर की टीम को दूसरा झटका दिया। सीनियर असिस्टेंट नीरज सिंह (36 रन, 28 गेंद) ने अपने कप्तान जोगिंद्र कुमार का साथ निभाया, लेकिन वह भी सुमित चौहान की गेंद पर हिमांशु को कैच दे बैठे। एक तरफ गिरते विकेटों के बीच दूसरा छोर पर अंगद की तरह पैर जमाए बैठे जोगिंद्र कुमार 6 चौकों के साथ 64 गेंदों पर 66 रन की आकर्षक पारी खेली और अपनी टीम को 20 ओवर में पांच विकेट पर सम्मान जनक स्कोर 149 पर पहुंचाया।

रामपुर से जीत के लिए मिले 150 रन के स्कोर का पीछा करने के लिए कप्तान अनुराग आर्य और विदित कुमार ने अपनी टीम की ओर से ओपनिंग की। दोनों ने तेजी से खेलते हुए पहले विकेट के सिर्फ पांच ओवर मे ही 50 रन बना लिए। तेज खेलने के प्रयास में विदित मानवेंद्र की गेंद पर चकमा खा गए और मनीष ने उन्हें कैच कर लिया। विदित ने दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 18 गेंदों पर 30 रन की आकर्षक पारी खेली। पहला विकेट गिरने के बाद बरेली के उपकप्तान सीडीओ जग प्रवेश ने अपने अनुराग आर्य का साथ देना शुरू किया। उन्होंने एक एक रन लेकर स्ट्राइक रोटेट की और कमजोर गेंदों को मैदान के पार भेजना शुरू किया। मैच के 16वें ओवर रामपुर टीम के कप्तान जोगिंद्र कुमार के सामने स्ट्राइक लेने कप्तान अनुराग आर्य आए। इस समय बरेली को जीतने के लिए छह रन की जरूरत थी। दर्शकों की मांग पर अनुराग ने जोगिंद्र कुमार की गेंद पर आकर्षक छक्का लगाकर अपनी टीम को विजयी बना दिया। अनुराग (38 रन, 39 गेंद, 4 चौके, एक छक्का) और सीडीओ जग प्रवेश (55 रन, 40 गेंद, 7 चौके) नाबाद लौटे। दोनों टीमों के कप्तानों और खिलाड़ियों ने एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड की काफी तारीफ की। एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सीओ फर्स्ट संदीप जायसवाल और विदित कुमार ने अपनी बेहतरीन कमेंट्री से खिलाड़ियों और दर्शकों का काफी मनोरंजन किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, मनीष सिंह, अनुज शर्मा, शंकरपाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शाहबाद में पत्रकार एसोसिएशन रजि. की मासिक बैठक का किया गया आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। रविवार के दिन पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड की एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आफताब ने की। बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किये तथा संगठन को और मजबूत बनाए जाने के लिए संगठन का विस्तार सैफनी, पटवाई तक किए जाने पर विचार हुआ। वहीं अति गरीब बालक बालिकाओं को संगठन के माध्यम से पढ़ाई का खर्चा उठाने पर भी सहमति बनी। लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए संगठन द्वारा अभियान चलाए



जाने पर भी सभी सदस्यों की सहमति बनी। बैठक के अंत में संगठन के कोषाध्यक्ष मुस्तफा हुसैन ने आए और व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया और जनवरी माह का शुल्क समस्त सदस्यों से जमा भी किया। इसके पश्चात जलपान भी कराया गया। बैठक में शाहबाद पत्रकार एसोसिएशन रजिस्टर्ड के संरक्षक सखावत अली, संस्थापक अंकित गुप्ता, महासचिव सिफत मियां, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खान कनिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल जोशी, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, प्रवक्ता शाहनवाज अली, वरिष्ठ सदस्य शराफत हुसैन , वरिष्ठ सदस्य राजीव कुमार भटनागर , सुहेल खान , संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, सचिव आकाश शंकर , सुनील कुमार, सदस्य वीरेंद्र सिंह और सुमित कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सरस काव्य संध्या में कवियों ने बहाई कविताओं की बयार

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। साहित्यिक संस्था कवि गोष्ठी आयोजन समिति, बरेली के तत्वावधान में स्थानीय इंदिरा नगर में समाजसेवी गांधी मोहन सक्सेना के संयोजन में सरस काव्य संध्या का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रणधीर प्रसाद गौड़ 'धीर' ने की । मुख्य अतिथि विनय सागर जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि कवयित्री शिखा चंद्रा रहीं।



माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया माँ शारदे की वंदना गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने प्रस्तुत की। नव वर्ष के उपलक्ष्य में हुई सरस कवि गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से नूतन वर्ष में सर्व मंगल की कामना करते हुए प्रेम, सद्भाव एवं सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर संस्था के सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, दीपक मुखर्जी दीप, डॉ रेनू श्रीवास्तव, किरन प्रजापति दिलवारी, गांधी मोहन सक्सेना,अशोक कुमार सक्सेना,सत्येंद्र बरेलवी, रामकुमार अफरोज, अश्वनी कुमार तन्हा, हरिकांत मिश्र चातक, राजकुमार अग्रवाल, रजत कुमार,सत्यवती सिंह सत्या एवं नरेश सक्सेना आदि उपस्थित रहे। संचालन मनोज दीक्षित टिंकू ने किया।

# संपादकीय

## पंजाब व हरियाणा के लिये गंभीर चेतावनी

हरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है।

निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें। सरकारों की ओर से मुफ्त सिंचाई की सुविधा के सवाल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, हमें जो चीज मुफ्त उपलब्ध हो जाती है, हम उसके उपयोग में किफायत नहीं बरतते। हमें हर मुफ्त चीज की बड़ी कीमत कालांतर चुकानी पड़ती है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट राजस्थान व गुजरात के भूजल में निर्धारित मानक से अधिक फ्लोराइड होना बताती है। यहां एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि कई स्थानों पर मानसून के बाद पानी गुणवत्ता में सुधार देखा गया। ऐसे में हमें वर्षा जल को धरती में रिचार्ज करने की दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। दरअसल, रिपोर्ट बताती है कि बारिश के पानी के रिचार्ज होने से घातक पदार्थ का असर कम हो जाता है। गंभीर बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 440 जिलों के भूजल में नाइट्रेट खतरनाक स्तर तक पाया गया है। जो कि अनेक गंभीर बीमारियों का कारक बन सकता है। इस गंभीर संकट पर समाज, सरकार व स्वयंसेवी संगठनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# युद्ध एवं आतंक से झूलसी दुनिया में शांति का उजाला हो

**युद्ध में केवल बर्बरता, लाशें, आग, मलबा और रॉकेट दिख रहे हैं। लोग बेबस हैं, बच्चे अचंभित हैं, औरतों के साथ बर्बरता हो रही है। फिर भी, इन युद्धों को रोकने की कोई सार्थक एवं प्रभावी पहल नहीं हो रही। क्या संसार ने युद्ध की अनिवार्यता और शांति की असंभावना को स्वीकार कर लिया है? पूरा विश्व इस बीच दो गुटों में बंट चुका है। कुछ देश शांति का समर्थन कर रहे है तो कुछ मौन होकर युद्ध की अनिवार्यता को स्वीकार रहे हैं। लेकिन युद्ध के मुख्य किरदार एक-दूसरे के अस्तित्व को ही मिटाने की जिद में गोला-बारूद दाग रहे हैं। मानो एक-दूसरे का नामोनिशान ही मिटा देंगे, लेकिन इस बीच खुद को बचाने के लिए कुछ लोग बंकरों में छिप रहे हैं तो कुछ मातृभूमि की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में लड़ रहे हैं।**

नव वर्ष 2025 की शुरूआत दुनिया के लिए शांति, अमनचैन, अयुद्ध और समृद्धि का वर्ष बनने की कामना के साथ हुई लेकिन अमेरिका में नए साल के पहले ही दिन हुए आतंकी ट्रक अटैक में 15 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। न्यू ऑरलियन्स में हुए इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले ने शांति एवं अमनचैन के दुनिया के मनसूंबों पर पानी फेर दिया। न्यू ऑरलियन्स में हुए इस आतंकी हमले को 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शम्सुद्दीन जब्बार ने अंजाम दिया, जिसे इस्लामिक स्टेट-आईएसआईएस समर्थक माना जा रहा है क्योंकि उसकी गाड़ी से इस्लामिक स्टेट ( आईइस ) से जुड़े कुछ दस्तावेज मिले हैं। इस हमले की जांच ह्यआतंकवादी कृत्यह्व के रूप में कर रहे हैं। जब्बार पुलिस की गोलीबारी में मारा गया।



बात केवल अमेरिका में हुए इस आतंकी हमले की नहीं है। समूची दुनिया युद्ध और शांति, आतंक एवं आनन्द, हिंसा और अहिंसा, भय और अभय के बीच झूलस रही है। दुनिया में कई सत्ताएं युद्धरत हैं, जबकि ज्यादातर लोग शांति चाहते हैं। अजीब अंतर्विरोध एवं विरोधाभास देखने को मिल रहा है। शांति का मतलब सिर्फ. युद्ध का अभाव नहीं होता, बल्कि एक ऐसा वातावरण होता है जहां गतिशील, मजबूत, सौहार्दपूर्ण और संपन्न समाज का निर्माण होता है। ऐसे समाजों में मानव क्षमता का अधिकाधिक इस्तेमाल होता है और जीवन शांति एवं सहजीवन के रूप में व्यतीत होता है। विडम्बना देखिये कि ज्यादातर लोग शांति, अमन-चैन चाहते हैं फिर भी युद्ध प्रेमी सत्ताएं व्यापक जन-समर्थन हासिल करती जा रही है।

विश्व में उथल पुथल कई मोर्चों पर चली रहती है जिस पर दुनिया का ध्यान आकर्षित होता रहता है। साथ में ही इसका प्रभाव शेष विश्व पर भी पड़ता है, लेकिन विश्व में शांति के लिए संघर्ष जिस बड़े पैमाने पर हो रहे हैं युद्ध एवं आतंक भी उससे बड़े पैमाने पर पनप रहे हैं। इस समय कम से कम दो लंबे युद्ध चल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को तीन साल होने वाले हैं, जबकि गाजा और इस्राइल के युद्ध को भी एक साल से ज्यादा का समय हो चुका है। संसार लगभग चुपचाप, लाचार यह नरसंहार देख रहा है। युद्ध में केवल बर्बरता, लाशें, आग, मलबा और रॉकेट दिख रहे हैं। लोग बेबस हैं, बच्चे अचंभित हैं, औरतों के साथ बर्बरता हो रही है। फिर भी, इन युद्धों को रोकने की कोई सार्थक एवं प्रभावी पहल नहीं हो रही। क्या संसार ने युद्ध की अनिवार्यता और शांति की असंभावना को स्वीकार कर लिया है?

पूरा विश्व इस बीच दो गुटों में बंट चुका है। कुछ देश शांति का समर्थन कर रहे है तो कुछ मौन होकर युद्ध की अनिवार्यता को स्वीकार रहे हैं। लेकिन युद्ध के मुख्य किरदार एक-दूसरे के अस्तित्व को ही मिटाने की जिद्द में गोला-बारूद दाग रहे हैं। मानो एक-दूसरे का नामोनिशान ही मिटा देंगे, लेकिन इस बीच खुद को बचाने के लिए कुछ लोग बंकरों में छिप रहे हैं तो कुछ मातृभूमि की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में लड़ रहे हैं। युद्ध किसी का भी हो, जख्म बच्चों, महिलाओं एवं निदोर्षों को ही ज्यादा मिलते हैं। युद्ध दो देशों के बीच भले हो, लेकिन इससे समूचा विश्व आहत है, प्रभावित है। इतने व्यापक विनाश, क्रूरता, हिंसा की संसार अनदेखी कैसे कर रहा है, यह प्रश्न मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़ा होकर भी इतना सून कैसे हैं?

वैसे युद्ध एवं आतंकवाद किसी भी देश के लिए लाभदायक सिद्ध नहीं होता है क्योंकि उसमें जीत-हार तो बाद की बात है, पहले इसमें मानवता को हानि और क्षति होती है। इसलिए युद्ध एवं आतंक न केवल मृत्यु और विनाश का कारण बनते हैं, बल्कि स्थायी शारीरिक और मानसिक विक्षिप्तता का कारण बनते हैं, विकास का अवरोध होता है, पर्यावरण-विनाश का कारण होता है। इक्कीसवीं सदी अपनी निष्ठुरता, अमानवीयता एवं क्रूरता में इतना बेमिसाल और अभूतपूर्व होगी, ऐसी उम्मीद शायद ही किसी ने की हो। शांति की तलाश में लगी दुनिया के लिये युद्ध इतने अनिवार्य कैसे हो गये, यह एक गंभीर प्रश्न है।

पृथ्वी पर जीवन अनमोल और अद्वितीय है। तार्किक रूप से, हम अपनी सभ्यता की प्रगति के ऐसे चरण में हैं कि हमें युद्धों के निहितार्थों को जानना चाहिए और उन्हें होने ही नहीं देना चाहिए। युद्धों में कोई वास्तविक विजेता नहीं होता है क्योंकि इसमें शामिल सभी पक्षों को परिणाम भुगतना पड़ता है जिसमें अक्सर दोनों पक्षों के हताहतों की संख्या अधिक होती है। यह समय मानवता के दुष्काल एवं आपातकाल का समय है, जिसमें युद्धरत होते देशों को मानवीय मूल्यों से हाथ धोना पड़ता है। उन देशों की तो क्षति होती ही है, इसका असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है, चाहे वह आर्थिक तौर पर हो, राजनीतिक, सामाजिक या नैतिक तौर पर हो, युद्धों से होने वाली क्षति की कभी भी भरपाई नहीं हो पाती। सारे संसार में जिस तरह लोकतंत्र का हरण और पूंजीवाद का उत्कर्ष हो रहा है, उसमें शांति के लिए प्रयास धुंधले पड़ रहे हैं। युद्ध चाहे कोई भी हो, कौनसा भी हो, लेकिन वह कभी भी किसी भी देश की लोकतांत्रिक राजनीति, समाजव्यवस्था और अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं होता। एक युद्ध जिन देशों के बीच में छिड़ता है, केवल उनकी ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की शांति भंग करता है, इसका उदाहरण यूक्रेन-रूस तथा इजरायल-हमास युद्ध के परिणामों से विश्व मानवता पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से आंकना होगा। यह जंग सिर्फ अब रॉकेट और मिसाइल के दम पर नहीं लड़ी जा रही है, बल्कि यह जंग साइबर वर्ल्ड में भी पहुंच चुकी है, जो अधिक घातक है।

यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कोई जंग असल दुनिया से लेकर साइबर वर्ल्ड तक पहुंची हो। यूक्रेन और रूस के युद्ध में भी हमने साइबर अटैक के कई मामले देखे हैं। ऐसा ही कुछ हमास और इजरायल के बीच होता दिख रहा है। हाल में हमास ने इजरायल पर अचानक हमला किया। इस हमले में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। इनमें सैनिकों से लेकर आम आदमी तक सभी शामिल हैं। उनके ऊपर कई साइबर अटैक हुए हैं। फोन ऐप को टॉर्गेट किया गया। इसके अलावा कई दूसरे मामले भी देखने को मिले हैं। इजरायल का रेड अलर्ट फोन ऐप सिस्टम भी साइबर अटैक का शिकार हुआ है। इस ऐप की मदद से इजरायल में रॉकेट और मिसाइल हमले के वक्त रियल टाइम अलर्ट मिलता है। ये चीजें बताती हैं कि जंग का अंजाम कितना घातक होता है।

अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा भी बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। इसलिये दुनिया अब युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहती है। दुर्भाग्य को मिटाकर सौभाग्य का उजाला करना होगा, जिसमें मानवीय संबंध, संवाद, सहकार, टीवी चैनल, सिनेमा, त्योहार, साहित्य, कलाएं- सभी शांति की विधाएं बनने लगे। नववर्ष में इसकी सार्थक शुरूआत हो एवं नये शांति के सूरज का अभ्युदय हो।

# क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच संतुलन की जरूरत

वर्ष 2025 के लिए भारत की विदेश नीति का सबसे बड़ा चुनौतीपूर्ण मुद्दा चीन होगा। हालांकि, साल के अंत में संवाद स्थापित करने के प्रयास हुए हैं। इसके बावजूद, द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़े कई पेच बाकी हैं।?

भारत को विदेश नीति 2025 में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के अनुकूल ढालनी होगी। वैश्विक शक्तियां अमेरिका और पड़ोसी राष्ट्र चीन वैश्विक व्यवस्था को आकार दे रहे हैं। फलतः भारत को ऐसी चुनौतियों का सामना करना होगा, जिनके लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। नीति को दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ तात्कालिक आवश्यकताओं को संतुलित करते हुए भविष्य की दिशा में रूपांतरित करना होगा।

भारत की विदेश नीति बीते साल की कई महत्वपूर्ण वैश्विक घटनाओं के चलते आकार ले रही है, जो 2025 की भू-राजनीतिक और वैश्विक केंद्रित नीति की नींव बनाएंगी। निस्संदेह, भारत ने अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है, लेकिन प्रमुख शक्तियों और पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों में कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं।

वर्ष 2025 के लिए भारत की विदेश नीति का सबसे बड़ा चुनौतीपूर्ण मुद्दा चीन होगा। हालांकि, साल के अंत में संवाद स्थापित करने के प्रयास हुए हैं। इसके बावजूद, द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़े कई पेंच बाकी हैं।?लद्दाख में सीमा विवाद, हिंद महासागर और दक्षिणी चीन सागर में चीन का बढ़ता प्रभाव और बीजिंग की आक्रामक आर्थिक और सैन्य नीतियां भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा बन सकती हैं। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव नीति ने पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ उसकी आर्थिक साझेदारी को गहरा किया है, जिसके कारण भारत को चिंता हो रही है, क्योंकि यह घटनाक्रम दक्षिण एशिया में उसकी स्थिति को रणनीतिक रूप से कमजोर कर सकता है। सीमा मुद्दा अनसुलझा है, हालांकि कूटनीतिक वार्ता जारी है।

भारत को इस मामले में अत्यधिक आक्रामक दृष्टिकोण से बचते हुए एक संतुलित रुख अपनाना होगा, ताकि क्षेत्रीय अस्थिरता को रोका जा सके। कूटनीतिक और सैन्य प्रयासों को तनाव कम करने और विश्वास निर्माण उपायों पर केंद्रित किया जाना चाहिए। वहीं भारत को अपने हितों की रक्षा करते हुए दक्षिण चीन सागर, ताइवान जल डमरूमध्य और हिंद महासागर में चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के दृष्टिगत मजबूती से खड़ा रहना चाहिए। भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करना होगा, ताकि



चीन के प्रभाव को संतुलित किया जा सके।

भारत के लिए अमेरिका के साथ रिश्ते सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं, लेकिन इनमें भी कई समस्याएं बनी हुई हैं। हालांकि, रक्षा और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है, लेकिन कई मोर्चों पर तनाव भी बना हुआ है। अमेरिका की बहुपक्षीयता की नीति, जलवायु परिवर्तन पर उसका दृष्टिकोण, और बौद्धिक संपदा अधिकार एवं व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दे अक्सर भारत के लिए मुश्किलें खड़ी करते हैं। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर अमेरिका के साथ गहरे संबंधों को जटिल बना देता है। इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध पर रूस के समर्थन को लेकर अमेरिका की भारत पर बढ़ती दबाव की स्थिति भी रिश्तों में तनाव का कारण है। इन समस्याओं को कूटनीतिक संवाद और बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

भारत के अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते कई तरह की चुनौती का सामना कर रहे हैं। एक ओर, भारत भूटान, बांग्लादेश और नेपाल जैसे देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंध बनाए हुए है, वहीं पाकिस्तान के साथ रिश्ते अब भी तनावपूर्ण हैं। कश्मीर विवाद और सीमा पार आतंकवाद के कारण भारत-पाकिस्तान संबंध लगातार प्रभावित होते रहे हैं। नेपाल में चीन का बढ़ता प्रभाव, श्रीलंका के चीन की ओर झुकाव, और पाकिस्तान के साथ अनसुलझे मुद्दे भारत के लिए कठिनाइयां उत्पन्न कर रहे हैं।

भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ मजबूत आर्थिक और रणनीतिक संबंध बनाना चाहिए। भूटान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ाना चाहिए और चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का मुकाबला वैकल्पिक पहल के माध्यम से करना चाहिए। हमें यूरोप के साथ रिश्ते को मजबूत करना चाहिए। अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी को गहरा करना चाहिए, विशेषकर रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में। यूरोपीय देशों के साथ भी भारत को सहयोग बढ़ाना चाहिए, खासकर स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में।

भारत को वैश्विक शासन में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। यह कदम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रयास में मदद सकता है। भारत को जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, और वैश्विक व्यापार सुधार जैसे मुद्दों पर वैश्विक पहल का नेतृत्व करना चाहिए। भारत को अपनी सैन्य क्षमताओं को आधुनिक बनाना चाहिए और महत्वपूर्ण सहयोगियों जैसे अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर खुफिया साझेदारी और आतंकवाद विरोधी उपायों को बढ़ाना चाहिए। पाकिस्तान के साथ भारत का रिश्ता निरंतर तनावपूर्ण रहेगा, खासकर सीमा पार आतंकवाद और पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की बढ़ती धमकी के कारण। भारत को पाकिस्तान से कश्मीर मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद के साथ, आतंकवाद के खिलाफ अपनी सैन्य और कूटनीतिक तैयारियों को मजबूत करना होगा।

भारत को विदेश नीति 2025 में रणनीतिक स्वायत्तता, क्षेत्रीय सहयोग और वैश्विक परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रमुख शक्तियों के साथ रिश्ते संतुलित करना, पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ाना, और वैश्विक शासन में सक्रिय भूमिका निभाना भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। हालांकि चीन और पाकिस्तान के साथ रिश्ते चुनौतीपूर्ण होंगे, फिर भी भारत के पास वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत करने के पर्याप्त अवसर हैं।

# लखनऊ व गाजीपुर के साथी लेखपाल को जबरन पकड़े जाने से नाराज बीकापुर के लेखपालों ने धरना प्रदर्शन करके एस डी एम को सौंपा ज्ञापन




एनपीटी ब्यूरो

अयोध्या।अयोध्या जनपद के बीकापुर के नाराज लेखपालों ने प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर तहसील बीकापुर के संपूर्ण समाधान दिवस का बहिष्कार करते हुए कचहरी बीकापुर में एक दिवसीय धरना देते हुए उप जिलाधिकारी बीकापुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया।

ज्ञातव्य हो कि पिछले दिनों लखनऊ और गाजीपुर के जिन लेखपालों को एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार किया है उसी को लेकर लेखपाल संघ बहुत नाराज है। एकदिवसीय धरने के दौरान मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में लेखपालों का कहना है जो भी कल्याणकारी योजनाएं सरकार के द्वारा संचालित की जा रही है उनमें हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना बहुत ही आवश्यक है। साथ ही साथ बीकापुर के लेखपालों ने मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में यह भी कहा है की लेखपाल संघ और राजस्व निरीक्षक संघ भ्रष्टाचार की घोर निंदा करता है। मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में बीकापुर संघ के लेखपालों ने यह मांग की है कि लक्ष्य को पूरा करने के लिए किसी भी लेखपाल को साजिशन ना फसाया जाए। धरने पर बैठे लेखपालों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए शासन को यह संदेश दिया की लखनऊ व गाजीपुर के लेखपालों को एंटी करप्शन ने जबरदस्ती पकड़ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की उम्मीद की गुहार भी लगाई है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजस्व निरीक्षक संघ के जिला मंत्री जय नारायण तिवारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं हम उनसे न्याय की उम्मीद करते हैं। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर क्या या धरना आगे भी जारी रहेगा तो उनके सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि जैसे हमारे प्रांतीय नेतृत्व का आदेश आएगा उसी अनुसार हम लोग आगे की रणनीति बनाकर अगला कदम बढ़ाएंगे। एकदिवसीय धरने के दौरान श्वेता चौधरी, प्रिया पांडे, शोभाराम यादव, कमलेश शर्मा, विकास यादव, अखिलेश पांडे, अखिलेश वर्मा, प्रहलाद, भीम सिंह, अंकुश वर्मा, रामजी चौहान, राजेश श्रीवास्तव, अनूप सिंह, सुरेश शर्मा, प्रवीण वर्मा, के अलावा राजस्व निरीक्षक संघ के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिला कांग्रेस ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के शेरपुर पारा गांव में नारी न्याय संगठन निर्माण की बैठक की



एनपीटी ब्यूरो

अयोध्या। महिला कांग्रेस ने बीकापुर विधानसभा की शेरपुर पारा गांव में नारी न्याय संगठन निर्माण बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव और मध्य जोन की प्रभारी अनामिका यादव उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि अनामिका यादव ने कहा कि महिलाएं किसी क्षेत्रमें पुरुषों से कम नहीं है। अपनी शक्ति व क्षमता को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा है कि नारी शक्ति के बगैर राष्ट्र व समाज का निर्माण नहीं हो सकता। सरकार चाहे जिसकी भी हो बिना महिलाओं के सहयोग से चल नहीं सकती।सभी क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर महिलाएं चल रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय ने कहा जितना विकास कांग्रेस के कार्यकाल में हुआ उतना किसी के कार्यकाल में नहीं हुआ।इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मुख्य अतिथि का महिला कांग्रेस की पदाधिकारीयो ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष उषा कोरी ,रेशमा विभा, प्रगति राय ,शीला, सुनीता, सुमन ,शांति देवी, सुनीता, रेखा, पार्वती, सुगर ,बुढ़ाना आदि बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित थी।

## मथुरा यमुनाएक्सप्रेस पर कोहरे में शव के ऊपर से गुजरते रहे वाहन

मथुरा। थाना सुरीर के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। कोहरे के चलते उसके शव के ऊपर से वाहन गुजरते रहे। इसके चलते शव बुरी तरह क्षत-विक्षत होने से रोड से चिपक गया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसके शव को रोड से समेंट कर मोर्चरी भिजवाया। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके पास मिले प्लास्टिक के जूते से मजदूर होने की संभावना जताई जा रही है। शुक्रवार देर शाम से ही घना कोहरा छा गया था। हालात ये थे कि चार मीटर दूरी पर भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। देर रात एक्सप्रेस वे पर नोएडा से आगरा की ओर आने वाले मार्ग पर माइलस्टोन-79 के समीप अज्ञात वाहन चालक ने रोड पर पैदल चल रहे या कहें किसी वाहन का इंतजार कर रहे व्यक्ति को रौंद दिया। इसके चलते वह वहीं गिर गया। इसके बाद रात भर उसके ऊपर से वाहन गुजरते रहे। इससे शव बुरी तरह से क्षत विक्षत होकर रोड से चिपक गया। शनिवार सुबह करीब 08:45 बजे शव दिखाई देने पर कंट्रोल के माध्यम से सुरीर पुलिस को हादसे में व्यक्ति की मौत की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद उसके शव को रोड से समेंटा और मोर्चरी को भिजवाया। शव इतनी बुरी तरह क्षत विक्षत था कि उसके कपड़ों का सही तरीके से रंग तक दिखाई नहीं दे पा रहा था। वह प्लास्टिक के जूते पहने थे, इससे प्रतीत हो रहा है कि वह मजदूर था। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सुरीर संजीवकांत मिश्रा ने बताया कि मृतक लाइन दार हरी और काली पट्टी की शॉल ओढ़े हुए था और काले प्लास्टिक के जूते थे।

# शिक्षक समस्याओं का निराकरण कराना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य - राकेश पांडेय

अयोध्या। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह राजकरण इंटर कालेजअयोध्या आयोजित कियागया। माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र नाथ तिवारी ने सभी नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाई । शपथ ग्रहण समारोह के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राकेश पांडेय ने कहा कि जिले के शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। जिले के शिक्षक साथियों ने जो जिम्मेदारी हम लोगों को सौपी उस पर हम सभी को खरा उतरना होगा। हम लोगों की जिम्मेदारी है कि जिले के सभी शाखाओं के शाखाओं के अध्यक्ष और मंत्रियों से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत होकर हमको बताएं जिससे उसका निराकरण कराया जा सके। इस अवसर पर श्री पांडेय ने सभी शिक्षकों से एक होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार रहने का भी आवाहन किया।जिला मंत्री आलोक तिवारी ने आगामी 7,8,9 जनवरी को आगरा में आयोजित प्रदेश सम्मेलन में सभी शिक्षकों से चलने का आवाहन किया। जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन का इतिहास स्वर्णिम रहा है आज इत्तेफाक है कि जिस दिन हम लोग शपथ ले रहे हैं उसी दिन हमारे संगठन के मुखिया स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा जी की पुण्यतिथि भी है।

हमें उनके बताएं हुए आदर्शों पर चलना होगा यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष , धर्मेंद्र मिश्रा, राजेश पांडेय, दीनानाथ पांडेय, प्रतिभा पाठक, संयुक्त मंत्री उमाकांत पांडेय, महेंद्र पाल, अतुल मिश्रा,विनय प्रताप सिंह,आडिटर परमात्मा प्रसाद, जिला कार्यकारिणी में विनीत मिश्रा अनूप पांडेय ,सत्य प्रकाश, राजधार मिश्रा,राजकुमार पांडेय ,देवेश कुमार पांडेय ,अजीत सिंह यादव ,विजेंद्र प्रताप ,भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी ,कमलेश यादव ,आशुतोष पांडे, रामनारायण पांडेय,अनिल पांडेय,कृष्ण कुमार त्रिपाठी, कमलेंद्र कुमार तिवारी ,आदि ने शपथ ली।

वहीं जिला कार्यकारिणी द्वारा संयुक्त मंत्री पद पर अनंत राम यादव और ममता निषाद को नामित किया गया वहीं जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजकुमार पांडे तथा महानगर अध्यक्ष पद पर अनूप पांडे तथा महानगर मंत्री पद पर सत्य प्रकाश को नामित किया गया। तथा उनसे अपेक्षा की गई है कि शीघ्र ही महानगर की नयी कमेटी को भी शीघ्र ही घोषित कर दे। जिससे संगठन को विस्तार दिया जा सके।

## राष्ट्रीय जाट महासंघ की बैठक में शराबबंदी व फिजूलखर्ची बंद करने का प्रस्ताव पारित



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं चिड़ावा। निकटवर्ती गांव घण्डावा में राष्ट्रीय जाट महासंघ के झुंझुनूं जिला उपाध्यक्ष सुबेदार विरेन्द्र सिंह कोठारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जाट महासंघ की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र क्यामसरिया को भेजा गया।

प्रस्ताव में सर्वसहमति से फैसला लिया गया कि शादीयों में होने वाले फिजूलखर्ची को बंद करते हुए शराबबंदी को पूर्ण रूप से बन्द की जाए। जिला उपाध्यक्ष सुबे. विरेन्द्र सिंह कोठारी ने बताया कि शादीयों में बेस, ज्वैलरी, टेंट, हलवाई के खर्चे बंद करते हुए गांवों में एक साथ बैठकर के मिलजुलकर के सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जाये, जिससे नाममात्र के खर्चे में शादीयां सम्पन्न होंगी ।

इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर कोठारी, हव. महावीर प्रसाद, प्रदीप कुल्हरी, ओमप्रकाश कोठारी, लखी जाखड़, धर्मपाल कोठारी, हव. महेंद्र सिंह, सिताराम, सुरेश कुमार, होशियार सिंह जाखड़, नरेश कुमार, प्रेम कोठारी, गुटाराम, अम्मीलाल जाखड़, हरिसिंह कोठारी, नागरमल एवं लोकेश कुमार कुमार उपस्थित थे।

# द्वारिकाधीश मंदिर में बाहर से फूल लाने पर प्रतिबंध




एनपीटी ब्यूरो

मथुरा। श्री द्वारिकाधीश मंदिर में बाहर से फूल लाने पर मंदिर प्रबंधन से प्रतिबंध लगा दिया है। वायरल वीडियो में एक सेवायत लाउडस्पीकर पर चिल्ला-चिल्लाकर भक्तों से बाहर से फूल व अन्य सामग्री लाने से मना कर रहा है। आसपास खड़े भक्तों ने सेवायत का वीडियो कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में प्रतिबंध मंदिर के सेवायत ने कहा कि मंदिर में बाहर से कोई भी फूल प्रसादी ठाकुर जी पर नहीं चढ़ाई जाती है। इसलिए प्रबंधन ने इसपर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। प्रबंधन समिति के इस कदम से मंदिर के बाहर फूल विक्रेताओं में आक्रोश पैदा हो गया। उनका कहना है कि 20 साल से मंदिर के बाहर फूल बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। प्रबंधन समिति को यह निर्णय वापस लेना चाहिए।

## अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र घिल्डियाल मनोनीत हुए

एनपीटी ब्यूरो

बरेली, राष्ट्रीय स्तर पर जनसेवा व समाजसेवा के साथ - साथ पर्वतीय जनमानस को साथ मे लेकर चलने वाले राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल को उनके उल्लेखनीय सामाजिक क्रिया -कलापों को देखते हुए अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। आगामी 16 फरवरी को होने वाले बसन्तोत्सव के आयोजन के लिए राष्ट्रीय समिति द्वारा अग्रिम शुभकामनाऐं प्रेषित की गई । इस अवसर पर अखिल भारतीय उतराखण्ड महासभा,बरेली के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह देवलिया,सचिव चन्दन सिंह नेगी,मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत,गोपाल सिंह मेहरा बरिष्ठ उपाध्यक्ष,पुष्कार सिंह राणा - अतिरिक्त महासचिव,जे.सी. काला,महेश खर्कवाल,के.सी.जोशी कोषाध्यक्ष,सुशीला धस्माना,सुधा रावत,नीलम जेठा,सोमा परिहार, नंदिनी अधिकारी,डॉ. अनिल बिष्ट आदि ने नवीन मनोनयन के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की और बसन्तोतत्सव आयोजन की सफलता को संकलिप्त हुए।

## ऐतिहासिक गुलाबबाड़ी खेल मैदान को बचाने व सौन्दर्यीकरण कराने हेतु सम्भ्रान्त नागरिकों की सम्पन्न हुई बैठक में संघर्ष समिति गठित।




एनपीटी ब्यूरो

अयोध्या। फैजाबाद के ऐतिहासिक गुलाब बाड़ी खेल के मैदान को खिलाड़ियों के लिए आरक्षित करने तथा उसका सौंदरीकरण करने तथा बृहस्पतिवार की साप्ताहिक बाजार को अन्य जगहों पर स्थानांतरित किए जाने के लिए गुलाबबाड़ी खेल का मैदान बचाओ संघर्ष समिति की एक बैठक गुलाब बाड़ी मैदान के सामने स्थित आई एम ओके रेस्टोरेंट में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह नत की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की जानकारी देते हुए गुलाब बाड़ी खेल के मैदान बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक व सामाजिक कार्यकर्ता संजय महिंद्रा ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि उपरोक्त मांगों को लेकर 2100 लोगों के हस्ताक्षर युद्ध ज्ञापन जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित विज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। बैठक में सर्वसम्मत से यशवीर सिंह चिंटू एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष कमिश्नरी बर एसोसिएशन को ₹गुलाब बाड़ी खेल का मैदान बचाओ संघर्ष समिति अयोध्या₹ का अध्यक्ष तथा शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडेय व वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह नत को संरक्षक सहित 21 लोगों की एक कमेटी बनाई गई है।

संजय महिंद्रा ने बताया कि नजूल विभाग व प्रशासन की मिली भगत से गुलाब बाड़ी खेल के मैदान का वर्चस्व समाप्त कर दिया गया तथा साप्ताहिक बृहस्पतिवार बाजार लगने से रीडगंज चौराहे से देवकाली तक प्रातः काल से लेकर रात्रि तक जाम की समस्या भयंकर रूप से पैदा होती हैं। स्कूल के बच्चों को आने-जाने में घर कठिनाइयां का सामना भी करना पड़ता है। हॉस्पिटल लेन होने के बावजूद स्थानीय निवासियों को घनघोर समस्या का सामना करना पड़ता है। बैठक को प्रमुख रूप से संबोधित करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता शीतला पाठक एडवोकेट ,अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक वैश्य, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष कवींद्र साहनी, सामाजिक कार्यकत्री भारती सिंह ऐडवोकेट, डीएन वर्मा, डॉक्टर दिनेश मिश्रा, मनीष मौर्य ,सैयद सुभानी, मनोज श्रीवास्तव ,आलोक मिश्रा ,फ्लावर नकवी,दीपेंद्र श्रीवास्तव ,मंसाराम यादव, देश दीपक , परमजीत कौर, सुमन दुबे ,विनोद पांडेय, संतोष शरण, रमेश चोरसिया, शाहिद शहर के गणमान्य नागरिक व सामाजिक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कल्याणम्करोति के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय विमल कुमार शर्मा की स्मृति में विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किये गये



एनपीटी ब्यूरो

अयोध्या। किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ नेत्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 अपिजीत कौर के नेतृत्व में तथा स्व0चंद्रभानु गुप्त की समाजसेवी संस्था भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 अशोक वाजपेई की सद्प्रेरणा से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।अति भीषण शीत लहर के कारण यह परीक्षण शिविर प्रभावित रहा फिर भी लगभग 150 नेत्र रोगियों का आगमन हुआ।परीक्षण उपरांत लगभग 32 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित सभी नेत्र रोगियों का ऑपरेशन किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के नेत्र विभाग में निशुल्क सम्पन्न कराया गया। .डॉ0 अशोक वाजपेयी द्वारा इस शिविर में वृद्ध जनों को छड़ियां भी प्रदान की गयी।

सरोजनी नगर के सांसद डॉ आर0 के0 चौधरी ने भी शिविर का अवलोकन कर श्रद्धेय गुप्ता एवं विमल कुमार शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित की।सांसद श्री चौधरी ने किंग जार्ज मेडिकल कालेज से आये दोनों नेत्र विशेषज्ञ डॉ0 भास्कर एवं डॉ0 डेविड को शाल उढ़ा कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत सदस्य सर्वधमन सिंह (बबलू सिंह)ने मेडिकल कालेज की जूनियर टीम को 'सेवा रत्न' स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया।

भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ0अशोक वाजपेई ने अपने उद्बोधन में कहा कि उदारमना स्व0 विमल कुमार शर्मा का जीवन वास्तव में बहुमुखी सेवाओं से ओतप्रोत रहा।उनका सारा जीवन यशोमय व सेवामय रहा है।वह अनाशक्त भाव से कुछ न कुछ सत्कार्य अंतिम समय तक करते रहे।अंतिम समय तक भी वह तरुणो से अधिक परिश्रमशील,सेवाशील और सक्रिय रहे।लोककल्याण की भावना की चरम सीमा उनके द्वारा किये गए अपने देहदान और नेत्रदान के रूप में परणित हुई।.समय- समय पर जनमानस में ऐसे कर्मवीर महापुरुष अवतरित होते रहतें है जिनका स्मरण मात्र ही नवीन शक्ति और स्फूर्ति प्रदान करती है।

इस कार्यक्रम में भारत सेवा संस्थान से, डॉक्टर जे.एन मिश्रा , अरुण कुमार, एवं राजेश अग्रवाल , आर. के सिंह उपस्थित रहे।कल्याणम करोति लखनऊ की ओर से वरिष्ठ संस्थापक सदस्य डी एन मिश्रा, हरीश मलिक, शैलेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, डॉ राजेश तिवारी एवं महामंत्री राष्ट्रगौरव शर्मा उपस्थिति रहे।स्थानीय संयोजक राजेंद्र पाल , अनुज पाल , व अन्य सहयोगी जनों ने सभी नेत्र रोगियों,एवं अथितियों केजलपान एवं भोजन की व्यवस्था की।

परम पूज्य संत बलराम दास जी की सदप्रेरणा श्री दीन बंधु नेत्र चिकित्सालय अयोध्या में भी चल रहे निशुल्क नेत्र शिविर के माध्यम से श्रद्धेय विमल कुमार शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दीन बंधु नेत्र चिकित्सालय में 91 निशुल्क ऑपरेशन सम्पन्न हुए।कमला देवी नेत्रालय कुमराहा लखनऊ में भी दो दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन पूर्व समर्पित कार्यकर्त्ता सुरेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया ।लगभग 81 नेत्र रोगियों का निःशुल्क परीक्षण किया गया तथा 17 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी नेत्र रोगियों का फेको विधि से ऑपरेशन मात्र 3500 रू0 में किया गया।

# मदनपुर थाने का निरीक्षण कर एसपी देखी व्यवस्थाएं

## आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्पडेस्क, विभिन्न रजिस्टरों, सीसीटीवी कैमरे, बैरक को देखकर सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख- रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु थानाध्यक्ष मदनपुर को निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। थानाध्यक्ष मदनपुर को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शतप्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण करें और थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही करें। आगामी त्यौहारों नववर्ष, मकर संक्राति आदि को दृष्टिगत रखते हुये निर्देश दिये। एसपी ने उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों से समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी एवं सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# कुहरे और कड़ाके की ठंड में ठिठुर रही है कस्तूरबा की छात्राएं, बीएसए ने नही दिए शीतकालीन अवकाश, अपर्याप्त संसाधनों में रुकने को मजबूर

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**
**ललितपुर महरौनी**

महरौनी एवम बानपुर के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में अपर्याप्त संसाधनों में रुकने को मजबूर छात्राये, बीएसए ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को नही दिए शीतकालीन अवकाश!

ललितपुर बीएसए ने 31 दिसम्बर को समस्त जिले के विद्यालयों को पत्र जारी कर के 1 जनवरी से 15 जनवरी तक के कक्षा 1 से 8 तक के परिषदीय, सहायता प्राप्त एवम मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों के शीतकालीन अवकाश घोषित किये हैं, पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को छोड़कर, तो क्या कस्तूरबा की बालिकाओं को इस शीलहर में ठंड नही लगती, जबकि जिले के समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शहर- गांव से दूर स्थित है ऐसी स्थित में बीएसए की मनोदशा स्पस्ट नजर आ रही है!

जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओ के अभिभावकों ने शीतलहर को दृस्टि रखते हुए बीएसए महोदय से छात्राओ को जल्द शीतकालीन अवकाश देने की अपील की है!

छात्राओ के अभिवाभक एवम अध्यापको ने बढ़ती ठंड, शीतलहर एवम कुहरे को देखते हुए जिलाधिकारी महोदय से ठंड में ठिठुर रही छात्राओ को जल्द शीतकालीन अवकाश देने की मांग की है!

# पढ़ो और खेलो का नारा लेकर जीवन शिल्प इण्टर कॉलेज में चल रहा है खेल सप्ताह




**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर बानपुर - जीवन शिल्प इण्टर कालेज बानपुर द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं उसी क्रम में इस वर्ष भी जीवन शिल्प खेल प्रतियोगिता दो जनवरी से ग्यारह जनवरी तक आयोजित की जा रही है ।

जिससे कि बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके, उसी के अंतर्गत 2 जनवरी से विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं चल रहीं हैं जिसमें आज पहले बालिका मैच में 12इँ की बालिका टीम ने 11इँ की बालिका टीम को हराकर प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरूआत की तथा 11 विज्ञान वर्ग व 12 विज्ञान वर्ग बालकों में 12इँ बालकों ने जीत हासिल की और बालिका कबड्डी में 10इँ बालिका ने जीत हासिल की । इसके साथ ही बालक कबड्डी, बेडमिंटन ,कैरम,खो खो जैसी प्रतियोगिताएं हुई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी आनंद कुमार जैन( अंकल) अंचल साहू बुंदेलखंडी, आमिर खान मंसूरी, मनीष चौरसिया, कालेज प्रबंधक डॉ विकास जैन, प्रधानाचार्य रामाधार त्यागी,खेल प्रभारी दीपक नामदेव, राकेश घोष, ग्यासी राम, संतोष तिवारी, मति गीता यादव, राकेश नामदेव, सुनील परिहार, रोहित यादव, कुंवर सिंह श्री सत्यम नामदेव, अजय सूत्रकार, भगवान सिंह, प्रदुम्न राजा,प्रशांत सिंह, शैली नामदेव, रामेश्वर विश्वकर्मा, दिवस रावत आदि उपस्थित रहे,कार्यक्रम का संचालन श्री अमित राजौरिया ने किया।

## महरौनी सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये कुल 79 प्रार्थना पत्र, 05 का हुआ मौके पर निस्तारण

# फरियादियों की समस्या का गम्भीरता से निस्तारण करे सम्बंधित अधिकारी- राजबहादुर सिंह

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी - तहसील सभागार महरौनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी राजबहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को उपजिलाधिकारी ने गंभीरता पूर्वक सुना एवम जिस विभाग से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त हुई, उस विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण हो।

**समाधान दिवस में शिकायतों की स्थिति**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 21, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 08, बिकास विभाग से सम्बंधित 03, पूर्ति



विभाग से सम्बन्धित 22, चकबन्दी विभाग से 09, विद्युत विभाग से संबंधित 04, नगर पंचायत से सम्बंधित 02, अन्य विभाग से संबंधित 10 प्रार्थना पत्र आए।

इस प्रकार पूरे समाधान दिवस में कुल 79 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमे से 05 का हुआ मौके पर निस्तारण!
यह रहे मौजूद-समाधान दिवस में नायब तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, खण्ड बिकास अधिकारी आजम अली, नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी साक्षी साहू, चकबन्दी सीओ, बिधुत उपखण्ड अधिकारी आर पी सिंह, वनाधिकारी, पूर्ति अधिकारी सीएस सहाय, महरौनी कोतवाली से एसआई मुलायम सिंह, महेश यादव सहित सोजना थानाध्यक्ष, बानपुर थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज कुम्हेड़ी, चौकी इंचार्ज खितवांस सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सील कासिगाबाद में लेखपाल पर घटी घटना पर विफरे महरौनी लेखपाल संघ

## महरौनी लेखपाल संघ द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
ललितपुर महरौनी

जनपद गाजीपुर की तहसील कासिगाबाद के लेखपाल को साजिशन/झूठा फंसाये जाने की नीयत से साधारण शिकायत के आधार पर एण्टी करप्शन / विजिलेन्स टीम द्वारा जबरन ट्रैप की कार्यवाही पर रोक लगाये जाने को लेकर महरौनी लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित उपजिलाधिकारी महरौनी राजबहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपा!

लेखपाल संघ महरौनी द्वारा ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी है जिसका सम्बन्ध जनता से सीधे होता है। जनता की भूमि विवाद सहित अधिकांश समस्याओं से सम्बन्धित संदर्भ निस्तारण हेतु लेखपाल के पास ही आते हैं। दो पक्षों के विवाद के निस्तारण सम्बन्धी की गयी कार्यवाही से किसी एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है।

इसी असंतुष्ट की कार्यवाही अंतर्गत जनपद गाजीपुर की तहसील कासिगाबाद में एक लेखपाल के साथ घटी घटना के विरोध में महरौनी लेखपाल संघ ने बताया कि एण्टी करप्शन कार्यालय द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर शिकायतकर्ता को गिरप्तार कर लिया जाता है। जैसा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों से स्पष्ट हो रहा है कि सम्बंधित लेखपाल, शिकायतकर्ता के गाँव से करीब 2-25 किमी दूर दूसरे गाँव में अनेको ग्रामवासियों की उपस्थिति में पैमाईश कर रहा था। इसी मध्य शिकायतकर्ता ने आकार लेखपाल की जेब में पैशा डाल दिया, इतने में ही एण्टी करप्शन की टीम द्वारा लेखपान को गिरप्तार कर लिया गया। वीडियों में स्पष्ट रूप से ग्रामवासी बोल रहे है कि लेखपाल तो पैमाईश का कैलकुलेशन कर रहा था और शिकायतकर्ता ने जबरन जेब में पैसा रखकर एण्टी करप्शन से पकड़वाया है।

इसी प्रकार जनपद लखनऊ की तहसील सरोजनीनगर में सर्तकता अधिष्ठान के कर्मचारी के रिश्तेदार द्वारा सरकारी भूमि पर बैनामा एवं अवैध प्लाटिंग की जाने पर लेखपाल पर झूठे आरोप लगाए गए हैं!

महरौनी लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री से एण्टी करप्शन विजिलेंस ट्रैप की कार्यवाही निष्पक्ष जाने की अपील करते हुए शिकायतकर्ता द्वारा पूर्व लेखापाल/ कर्मचारी पर रिश्वत मांगने की शिकायत की जांच प्रशासनिक स्तर पर की जाए, ज्ञापन में लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष कुलदीप खरे सहित लेखपाल धर्मेंद्र सिंह, रामेश्वर ,गोपाल खरे, हर्षवर्धन,श्रीमती शिवकुमारी, मेवालाल, अहसान खान , सुरेश निरंजन,सहित लेखपाल संघ के अनेक लेखपाल उपस्थित रहे!

# नागरिक विकास मोर्चा ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, निस्तारण की मांग

## राख भरकर अनियंत्रित गति से भाग रहे डम्फरों से हो रहीं सड़क दुर्घटनाएं-आरोप

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर विगत दिनों ओवरलोड राख भरकर भयावह गति से भाग रहे डम्फर की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक युवती की मौत हो गयी थी। जबकि दो युवतियों की हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर किया गया था। इस प्रकरण में नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने चिगलौआ स्थित पावर प्लाण्ट पर गंभीर आरोप लगाये हैं। मोर्चा अध्यक्ष ने प्लाण्ट में रिक्त पदों पर स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने, पर्यावरण नियमों का सख्ती से पालन कराने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर ठोस कदम उठाये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।



ज्ञापन में नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने बताया कि जिले के ग्राम चिगलौआ बुरौगांव में वर्षों पहले पावर प्लाण्ट की स्थापना की गयी थी। लेकिन पावर प्लाण्ट जनपदवासियों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। प्लाण्ट से न तो लोगों को रोजगार मिला और न ही जिले के किसानों को बिजली। आरोप है कि जिले के लोगों के हिस्से आयी, तो पावर प्लाण्ट से निकलने वाली विनाशकारी राख। जिससे पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है और नियमों की अनदेखी करते हुये फ्लाई ऐश का निस्तारण समुचित तरीके से नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं किसानों के खेतों को बंजर बनाने के लिए प्लाण्ट की राख को मनमाने तरीके से ठेकेदारों द्वारा डम्फरों के माध्यम से फेंका जा रहा है। पावर प्लाण्ट लोगों की जानमाल के लिए खतरा बनता जा रहा है। वहीं उन्होंने राख से ओवर लोड कर भाग रहे डम्फरों की गति पर भी गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुये आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर आक्रोश व्यक्त किया है।

उन्होंने ज्ञापन में सीएसआर फण्ड से लोगों को राहत पहुंचाने की मांग की है। नागरिक विकास मोर्चा ने जिलाधिकारी से समस्याओं के निस्तारण न करने पर जनांदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते समय पार्षद मनमोहन चैबे एड., करन पाल, देवेन्द्र पाठक, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, गोविन्द सिंह जाट, के.पी.सिंह, गनेश प्रसाद, दीपक नारायण आदि लोग मौजूद रहे।

# नव मनोनीत भाजपा मण्डल अध्यक्ष का किया गया स्वागत



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर बानपुर - साहू समाज की एक बैठक अशोक साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में कस्बा निवासी रामगोपाल विश्वकर्मा को भाजपा मंडल अध्यक्ष बानपुर बनाए जाने पर एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष पंडित अरुण प्रकाश द्विवेदी जी को जिला प्रतिनिधि बनाए जाने पर बैठक में प्रशन्नता व्यक्त की गई तथा कहा गया कि भाजपा में सभी वर्गों का सम्मान सुरक्षित है। आज पिछड़ा वर्ग से रामगोपाल विश्वकर्मा जी को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी को बहुत-बहुत प्रसन्नता हुई बैठक में मंडल अध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा व अरुण प्रकाश द्विवेदी का फूल माला ,शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर महेश नामदेव, सील चंद्र नामदेव ,संजय साहू, अंकित साहू ,अंशुल साहू ,अनुज साहू ,अशोक साहू, संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# एडीएम ने किया कलचिहा गांव की गौशाला का निरीक्षण

मऊ, चित्रकूटः अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने रविवार को मऊ तहसील क्षेत्र की कलचिहा ग्राम पंचायत में संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

गौशाला के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने गौशाला में गौवंशों के लिए भूसा व पौष्टिक आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया। साथ ही ठंड के दृष्टिगत अलाव भी जलता हुआ पाया। उन्होंने उपस्थित गौरक्षकों से कहा कि गौशालाओं में गौवंशों को भूसा व पौष्टिक आहार के साथ हरा चारा भी दिया जाए। इसके लिए गौशालाओं से सरकारी व प्राइवेट जमीन भी टैग किया जाए। जिससे कि पशुओं को



हरे चारे के लिए समस्या न हो। कहा कि गौवंशों के बीमार पड़ने पर तुरंत पशु चिकित्सक को बुलाकर इलाज करवाएं तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। कहा कि गौशाला संचालन के लिए शासन द्वारा जो दिशा-निर्देश दिया गए है, उनका पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित होना चाहिए। गौशालाओं में साफ-सफाई बनी रहनी चाहिए। साथ ही ठंड से बचाव के लिए गौवंशों के स्थलों को लिए बोरा व तिरपाल से चारों तरफ से ढ़के ताकि गौवंशों को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान से कहा कि गौशाला के 240 गौवंशों के लिए एक शेड छोटा पड़ रहा है। इसलिए एक और शेड जरूरत है, इसके लिए उपजिलाधिकारी मऊ से जमीन चिन्हित कराएं। साथ ही गौशालाओं में वृक्षारोपण कराकर बैरिकेडिंग भी कराएं। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मऊ सौरव यादव, खंड विकास अधिकारी राजमी मिश्रा, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# रैपुरा थाने का निरीक्षण कर एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को थाना रैपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यावस्थाओं का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में थाना रैपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई देखी। साथ ही थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, नवनिर्मित भवन व अस्पताल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को परिसर के अन्दर रखे कण्डम सामान को व्यवस्थित रखवाकर साफ-सफाई कराने एवं महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलवाने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने व रोड पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न करने सम्बधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# चिकित्सकों ने जिला कारागार में बंदियों का किया नेत्र परीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड द्वारा रविवार को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के नेत्र सम्बन्धी बीमारियों के परीक्षण एवं दृष्टि की समस्याओं के लिए चश्मे प्रदान करने के लिए एक नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सलाह दी गई।

रविवार को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सक मतगंजन प्रसाद शुक्ला व उनकी टीम कृष्ण चंद, पीयूष द्विवेदी, नरेंद्र त्रिपाठी, अनीस धतुरहा (आप्टोमैट्रिस्ट) ने कारागार में निरुद्ध सभी बंदियों का नेत्र परीक्षण किया। इस दौरान बंदियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सलाह भी दी गई। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने सद्गुरु सेवा संघ सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड की टीम का आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि कारागार में निरुद्ध इन बंदियों को ज्योति प्रदान करने का यह निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजन का कार्य सराहनीय है। कहा कि टीम द्वारा जिन बंदियों को उपचार व चश्मा लगाने की सलाह दी गई है, उनके लिए कारागार प्रशासन द्वारा अग्रिम व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के लिए चश्मा बनवाकर उपलब्ध कराया जाएगा। कारागार में निरुद्ध बंदियों ने इस नेत्र परीक्षण शिविर के लिए कारागार प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला प्रोग्राम कोआर्डिनेटर चेतन शुक्ला, काउंसिलर मानवेंद्र काउंसिलर, जेलर सन्तोष कुमार वर्मा सहित सम्बन्धित मौजूद रहे।

# खानपान के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाएंगे रसिन के संतोष सिंह

चित्रकूट ब्यूरोः खानपान के क्षेत्र में कैरियर बनाकर युवाओं को एक नई राह दिखाने वाले संतोष सिंह जिले के ग्रामीण परिवेश से निकलकर मुम्बई में सैकड़ों युवाओं को रोजगार दे चुके है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों में अपनी सेवाएं दे चुके युवा उद्यमी संतोष सिंह अब बुंदेलखण्ड के युवाओं को खानपान के क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण देने की योजना के साथ काम शुरू करने जा रहे हैं। सदर ब्लाक के रसिन गांव के प्रधान व समाजसेवी दरबारी लाल के बेटे संतोष सिंह वर्तमान समय में किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उद्यमी, लेखक, फ्यूजन मेनू और रेसिपी, क्रिएटर संतोष सिंह ने खानपान के क्षेत्र में लगभग एक दशक पहले अपना कैरियर शुरू किया था। दक्षिण भारत में नामी गिरामी अलग-अलग कम्पनियों में काम करने वाले संतोष सिंह होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद से ही इस क्षेत्र में शीर्ष तक पहुंचने के लिए प्रयासरत थे। साथ ही भारतीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में सक्रिय संतोष सिंह ने सेफ डी ग्रीन्स और चाय सेफ के शीर्षक के साथ कार्यक्रम किए। जो बेहद लोकप्रिय हुआ। उन्होंने ताज होटल, टाटा ग्रुप और बेस्ट पुलनरी हेड के अवार्ड जीते है।

# सेन समाज के जिला अध्यक्ष पद पर बाबूलाल सेन हुए निर्वाचित

**ब्यरो -एनपीटी**

बूँदी! सकल सेन समाज विकास समिति, जिला बून्दी के तत्वधान में जिलाध्यक्ष के चुनाव, निर्वाचन समिति द्वारा सम्पन करवाये गयें। जिसमें जिलाध्यक्ष पद के उम्मीदवार श्री बाबुलाल जी सेन, बाणगंगा बून्दी विजय रहे। चुनाव अधिकारी ने बताया कि कुल 1351 मतदाताओं ने बढ-चढ़ कर वोट किया। जिसमें बाबुलाल जी को 868 वोट प्राप्त हुये तथा 414 वोटो से विजय घोषित किये गयें। घोषणा के पश्चात नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री बाबुलाल जी सेन के द्वारा भगवान जगमोहन मन्दिर



पहुंचकर आशीवार्द लिया गया। साथ ही सभी सेन समाज बन्धुओं को समाज में एकता बनाये रखने और सेन समाज के उत्थान को लेकर संबोधित किया।इस दौरान समाज सेवी श्री हेमन्त सेन बाणंगगा, संजय सेन छत्रपुरा, गिरिराज सेन धोवड़ा, नाथूलाल सेन आंतरदा, बाबुलाल सेन नैनवां, रामावतार सेन, सहण, जगदीश सेन छपावदा, महावीर सेन सिसोला, प्रभुलाल सेन हिण्डोली, रामकिशन सेन बडोदिया, रघु जी सेन अलोद, नोराज जी सेन अणदगंज, मनोज सेन डाबी, पवन सेन डाबी, भंवरलाल सेन रंड़ी, पन्ना लाल सेन रड़ी, श्रवण जी एंव सुनील जी के0पाटन, प्रदीप जी, महावीर जी मुनिया, शम्भु जी ऊंरासी, बनवारी सेन पाण्डूला आदि उपस्थित रहे।

# मेघवंशी समाज चेतना संस्थान झुंझुनू का नव वर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। शहर के अंबेडकर पार्क झुंझुनूं में मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान झुंझुनूं में जिला कार्यकारिणी का

नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम प्रोफेसर जयलाल सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से आगामी 16 फरवरी 2025 को वार्षिक सम्मेलन व सम्पूर्ण अनुसूचित जाति का प्रतिभा सम्मान समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। संयोजक रामनिवास भूरिया ने बताया कि इस वार्षिक समारोह में समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों को छोड़कर शिक्षा के के प्रति जागरूकता फैलाने की बात कही। इस अवसर पर रामकुमार रांगेरा,विद्याधर बालन,महावीर प्रसाद भीमसर,महावीरप्रसाद मांडासी,बृजमोहन, रामेश्वर दयाल मालसर,मोहनलाल मेघवाल,श्रवण कुमार माहिच,सत्यनारायण गर्वा,मदन लाल जीनागल,ओम प्रकाश भूरिया,हरिराम पिपरालिया,शिव प्रसाद महरिया,सुभाष चंद्र,सुरेश कुमार घोटड़,तनसुख सानेल,टेकचंद भाटिया,मदन लाल गुडेसर,इंद्राज सिंह भूरिया,सीताराम बास बुडाना सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# खैरथल में रक्तदान शिविर, 405 यूनिट ब्लड संग्रहित:स्वामी ध्यानगिरी महाराज की बरसी पर लगा रक्तदान शिविर

**एनपीटी ब्यूरो**

खैरथल में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 405 यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया है। ये रक्तदान शिविर स्वामी ध्यानगिरी महाराज की 33वीं बरसी पर आनंद नगर कॉलोनी स्थित गुरु मंगलगिरी सन्यास आश्रम शिवालय में लगाया गया है। स्वामी गोविन्दगिरी महाराज के सानिध्य में छठ वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगा।

इस दौरान स्वामी गोविन्दगिरी महाराज ने कहा कि रक्तदान महादान है आपके द्वारा किए गए रक्तदान से 3 लोगों को जीवन मिलता है। रक्तदान करने से मोटापा घटता है, हार्ट अटैक का खतरा कम होता है और 18 वर्ष से अधिक का कोई भी महिला और पुरुष रक्तदान कर सकता है।

संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने कहा कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़ कर भागीदार निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की



जान को तो बचाता ही है साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है।

शिविर मे युवाओ ने रक्तदान मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। युवाओ मे रक्तदान के प्रति जोश देखा गया शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरो, भारतीय सिंधु सभा के कार्यकताओं, सेवादारों को स्वामी गोविन्दगीरी महाराज और पूर्व प्रधान ओमप्रकाश रोघा ने स्मृति चिन्ह और प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रताप कटहरा,लाल चंद रोघा, किशोर बाबानी, राजू गनवानी, ताराचंद आसवानी, ईश्वर माखीजा,धर्मदास गनवानी, दीपचंद लोढ़ा, राजा कटारिया, बबन गुरनानी, बाबू लालवानी, लेखराज प्रदनानी, राजकुमार दादवानी, सोनू कटारिया, राजेश , दिनेश माखीजा, रूपचंद भारती, सिद्धु कोहिस्तानी, पूरण केवलानी, हितेश कोहिस्तानी, विष्णुमल गनवानी, पीकू लालवानी, लक्ष्मण भूरानी, डॉ.ओमप्रकाश मान्धु, गोर्धनदास बच्चानी, ठाकुरदास गिदवानी, विक्की कटारिया, योगेश केवलरामनी, भगवान महलवानी, दयाचंद बच्चानी, आकाश चेतवानी, वासदेव चंदनानी, योगेश मदान, खूबचंद सोनी, प्रेम प्रदनानी, पवन कुमार, इंदु गोरवानी, शिवदयाल वसनानी, कन्हैया लाल पमनानी,अशोक मोहलावानी,आकाश चेतवानी,श्याम सैनी आदि सेवादार मौजूद रहे।

# विश्व लुई ब्रेल जयंती हुई संपन्न




**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी 5 जनवरी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोजा गेट में विश्व लुई ब्रेल जयंती मनाई गई!

कार्यक्रम में कोटा, बूंदी, बारां से दृष्टिहीन कार्मिक एवं बालक-बालिकाएं शामिल रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) श्री। चन्द्रप्रकाश जी राठौर, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा शा. सुरेश जी नागर, कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्रधानाचार्य भवानी शंकर साहू रहे। बालक कृष्णा टेलर ने लुईस ब्रेल पर कविता सुनाई। कविता से दृष्टिहीन व्यक्तियों को पढ़ने के लिए एवं जीवन में मुश्किलों से हार ना मन्ने के लिए प्रेरित किया गया।मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश राठौर ने सम्बोधित करते हुए दृष्टिबाधित कार्मिकों को अपने कार्यस्थल पर कुछ के माध्यम से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। दृष्टिहीन बालकों ने कार्यक्रमों में पत्रकारों के माध्यम से सरकार से कोटा सम्भाग स्तर पर आवास और विद्यालय खोलने की मांग की। कार्यक्रम के संयोजक विक्रम राठौर एवं श्रीमती रजिया खातून का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन टीकम चंद जैन ने किया।

# दो पुलिसकर्मियों के बीच झगड़े में एक ने दूसरे के सिर पर हथौड़ी मारी, आरोपी निलंबित

**एनपीटी ब्यूरो**



कोटा। ड्यूटी ज्वाइन करने की बात पर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक हेड कांस्टेबल ने दूसरे के सिर पर हथौड़ी से वार कर दिया। लहूलुहान पुलिसकर्मी को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मामले में उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है।

शहर के गुमानपुरा थाने में ड्यूटी ज्वाइन कराने को लेकर दो हेड कांस्टेबलों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक ने दूसरे के सिर पर हथौड़ी से वार कर दिया। घायल पुलिसकर्मी को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी हेड कांस्टेबल बलवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है।

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) योगेश शर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हेड कांस्टेबल सुंदर यादव और हेड कांस्टेबल बलवीर सिंह के बीच ड्यूटी ज्वाइन कराने को लेकर विवाद हुआ। दरअसल बलवीर 1 जनवरी से ड्यूटी ज्वाइन करने की कोशिश कर रहा था, जब उसने सुंदर यादव से ड्यूटी ज्वाइन कराने को कहा तो सुंदर ने उसे वर्दी पहनकर आने की बात कही, इसी बात पर दोनों के बीच बहस हो गई। इस दौरान बलवीर ने सुंदर के सिर पर हथौड़ी से हमला कर दिया, जिससे सुंदर घायल हो गया। उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत अब स्थिर है।

घटना के बाद कोटा शहर पुलिस अधीक्षक ने बलवीर सिंह को सस्पेंड कर बलवीर के खिलाफ राजकार्य में बाधा और मारपीट का मामला दर्ज किया है। उच्च अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और बलवीर के खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्रवाई भी की जाएगी।

# ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजे जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती, आज होगी सुनवाई

जयपुर । एसआई भर्ती मामले में ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग के लिए जिलों में भेजे जाने के आदेश को लेकर लगाई गई याचिका पर कल हाई, कोर्ट में सुनवाई हो सकती है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा एसआई भर्ती 2021 के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग के लिए जिलों में भेजने के आदेश को राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। इस याचिका पर कोर्ट सोमवार को सुनवाई कर सकता है।

गौरतलब है कि पुलिस मुख्यालय की ओर से एडीजी पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड विपिन कुमार पांडेय ने सभी ट्रेनी एसआई को उनके आवंटित रेंज के जिलों में फील्ड ट्रेनिंग के लिए भेजने का आदेश जारी किया था।

याचिकाकर्ता कैलाशचंद शर्मा ने प्रस्तुत याचिका में पुलिस मुख्यालय के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने हाईकोर्ट में स्टे एप्लिकेशन दाखिल करते हुए कहा कि 18 नवंबर को कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे, जिसे सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है।

याचिकाकर्ता के वकील हरेंद्र नील ने कहा कि सरकार ने जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन एक महीने बाद भी इस बारे में कोई उत्तर नहीं दिया गया। और तो और कोर्ट के



यथास्थिति आदेश की अवहेलना करते हुए ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने के आदेश दे दिए।

एसआई भर्ती 2021 की प्रक्रिया को लेकर विवाद अब भी जारी है। हाईकोर्ट में दायर मूल याचिका में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की गई है। इधर सुनवाई से पहले पुलिस विभाग ने बीते दो दिनों में 20 ट्रेनी एसआई को निलंबित कर दिया है, जिनमें जयपुर और उदयपुर रेंज के 11 ट्रेनी एसआई, बीकानेर रेंज के 8 और अजमेर रेंज के 1 ट्रेनी एसआई निलंबित किए गए हैं। इसके अलावा एसओजी ने पेपर लीक मामले में अब तक 45 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 25 जमानत पर बाहर हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि फील्ड ट्रेनिंग के लिए आदेश जारी करना सरकार की मंशा को लेकर सवाल खड़े करता है। एसआई भर्ती प्रक्रिया पर सरकार की कैबिनेट बैठक में कोई निर्णय न होने के बाद यह आदेश चर्चा का विषय बना हुआ है। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने इस मामले में कहा था कि मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण इस पर टिप्पणी नहीं की जा सकती।

अब कल होने वाली हाईकोर्ट की सुनवाई पर सबकी नजरें होंगी, जिसमें याचिकाकर्ता के स्टे आवेदन और सरकार के जवाब पर बहस हो सकती है, जिसके बाद देखना होगा कि कोर्ट सरकार के आदेश पर रोक लगाता है या आगे की कार्रवाई के लिए कोई नया निर्देश जारी करता है।

**किरोड़ी ने मुंह पर उंगली रखी**

इधर बार-बार एसआई भर्ती परीक्षा 2021 रद्द किए जाने की मांग कर रहे मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने मीडिया द्वारा इस मामले पर पूछे गए प्रश्न पर मुंह पर उंगली रख ली। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हम एकराय हैं, कोई विरोध नहीं है। आपस में मिलकर निर्णय होगा। मैं शुरू से ही एसआई भर्ती रद्द करने की मांग करता रहा हूं। यह प्रकरण सरकार के स्तर पर चल रहा है। इसमें सरकार क्या करेगी, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

# पूर्व मुख्यमंत्री का बड़ा बयान, पेपर लीक से लेकर जिले खत्म करने तक कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

**एनपीटी ब्यूरो**

जोधपुर। जोधपुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए एसआई भर्ती, जिलों के पुनर्गठन और रिफाइनरी परियोजना पर मीडिया के साथ चर्चा करते हुए अपनी बात रखी।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान जोधपुर पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने भजनलाल सरकार पर कई मुद्दों पर जमकर निशाना साधा।

एसआई भर्ती प्रक्रिया में जिलों में चयनित अभ्यर्थियों को भेजने और पेपर लीक के मुद्दे पर गहलोत ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि देशभर में 70 जगहों पर पेपर लीक हुए हैं, लेकिन सरकार इस मामले को लटकाकर माहौल खराब कर रही है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई की मांग की।

**अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को लेकर बोले**

पूर्व मुख्यमंत्री ने भजनलाल सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को बंद करने के फैसले को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि यह एक नवाचार था, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को अंग्रेजी सीखने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर दिया। इसे बंद करना शिक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ा झटका है। पट्टा वितरण और ईआरसीपी समझौते पर सवाल- गहलोत ने कांग्रेस सरकार के दौरान 10-12 लाख लोगों को दिए गए पट्टों की समीक्षा पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जो लोग अपनी संपत्तियों पर निर्माण कार्य कर चुके हैं, उनके भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। ईआरसीपी समझौते को सार्वजनिक नहीं किए जाने पर भी उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। गहलोत ने जिलों को खत्म करने के बजाय बढ़ाने का सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि जब मध्यप्रदेश जैसे छोटे राज्य में 53 जिले हो सकते हैं, तो राजस्थान जैसे बड़े राज्य में जिलों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

पचपदरा में रिफाइनरी को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्थान में यह प्रोजेक्ट पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह से बड़ी मुश्किल से मंजूर करवाया था लेकिन वसुंधरा राजे सरकार ने इस प्रोजेक्ट को पांच साल तक बंद रखा। उन्होंने रिफाइनरी में स्किल डेवलपमेंट पर जोर देते हुए कहा कि यदि स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित नहीं किया गया, तो इसका लाभ बाहरी राज्यों को मिलेगा।

पर्यटन को औद्योगिक दर्जा देने के फैसले पर गहलोत ने कहा कि इससे राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा मिला है।

# द नाहर संस्था बून्दी द्वारा पर्यावरण संरक्षण व जल प्रबंधन पर संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन

**ब्यरो -एनपीटी**

बूँदी! द नाहर संस्था बून्दी के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन पर एक सकारात्मक संवाद और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक महाराव राजा वंशवर्धन सिंह बून्दी ने की।कार्यक्रम में 'वाटर मैन ऑफ इंडिया' के नाम से विख्यात जल संरक्षण विशेषज्ञ राजेंद्र सिंह और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के उपक्षेत्र संरक्षक एवं उपक्षेत्र निदेशक संजीव शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संरक्षक महाराव राजा वंशवर्धन सिंह द्वारा मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह का माला पहनाकर स्वागत करते हुए किया गया। वहीं, संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम पारीक और पृथ्वी सिंह राजावत ने संजीव शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया।संस्था के सचिव संजय खान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए द नाहर संस्था बून्दी की स्थापना, उद्देश्यों और पर्यावरण



संरक्षण के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रयासों का मुख्य उद्देश्य वन, जल और पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है।मुख्य वक्ता राजेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में द नाहर संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए जल संरक्षण, नदियों के पुनर्जन्म और नदी घाटी प्रबंधन पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने जमीन-जंगल-जल के महत्व को समझाते हुए कहा कि ये तीनों ही जीवन के आधार हैं और इनके संरक्षण के बिना हमारे भविष्य की कल्पना अधूरी है।मुख्य अतिथि संजीव शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रामगढ़ विषधारी टाइगर रिर्जव के विकास में सहयोग व जंगलों में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए समय समय पर संस्था के सदस्यों के योगदान सराहनीय है। उन्होंने रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में चल रहे कार्यों जैसे ट्रेकिंग रूट्स का विकास, जल संरचनाओं का निर्माण, और गांवों के पुनर्वास प्रयासों को गति प्रदान करने पर चर्चा की।कार्यक्रम के दौरान, संस्था ने राजेन्द्र सिंह 'वाटर मैन ऑफ इंडिया' को जल संरक्षण के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार, रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में विकास कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए संजीव शर्मा को भी स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वन विभाग बून्दी की ओर से संजीव शर्मा ने राजेन्द्र सिंह और तरुण भारत संघ के अजय सिंह गुर्जर को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व का विशेष लोगो वाली हेट कैप भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम के अंत में संस्था के संरक्षक महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने सभी अतिथियों और उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सभी का साथ और सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने द नाहर संस्था के सदस्यों को प्रेरित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर संस्था के सदस्य विट्ठल सनाढ्य, पुरुषोत्तम पारीक, पृथ्वी सिंह राजावत, राजवीर सिंह हाड़ा, विजय सिंह सोलंकी, पूरणमल, महेंद्र सिंह राठौर, जय सिंह सोलंकी, गजेंद्र सिंह हाड़ा, जोगेंद्र सिंह हाड़ा, अजय सिंह गुर्जर, एडवोकेट अमित शर्मा, आनंद सनाढ्य आदि उपस्थित रहे।



सुंदर, चमकीली और स्वस्थ त्वचा हर किसी का मन मोह लेती है। हर औरत की यही तमन्ना होती है कि वह हमेशा जवान और खूबसूरत बनी रहे, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ ही त्वचा पर असर दिखाई देने लगता है। उम्र के इस परिवर्तन को रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन कुछ हद तक इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकते हैं।



# बढ़ती उम्र घटता सौंदर्य

**चेहरे** से किसी भी व्यक्ति की उम्र का अंदाजा लगाया जा सकता है। युवावस्था में चेहरे की त्वचा खिंची हुई रहती है। कहीं कोई झुर्री या त्वचा का ढलकाव नहीं होता है। फिर धीरे-धीरे त्वचा पर आयु का प्रकोप होता है और यौवन की त्वचा वृद्धावस्था की त्वचा में परिवर्तित हो जाती है। आइए आपको कुछ गुर बताते हैं, ताकि आप अपने यौवन को कायम रख सकें।

- अपने शरीर के वजन पर ध्यान दें। वजन अधिक होने पर वृद्धावस्था के लक्षण जल्दी आने लगते हैं।
- भोजन में वसा की मात्रा कम रखें। शरीर में जमी आवश्यक चरबी वृद्धावस्था को आमंत्रित करती है।
- जल, विटामिन तथा खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में लें।
- आवश्यकतानुसार व्यायाम करें।
- अत्यधिक धूप से त्वचा को बचाएं। अगर धूप में जाना ही पड़े तो छाते का प्रयोग करें।
- यदि चेहरे पर वृद्धावस्था के लक्षण उभर रहे हों तो फेस मास्क, कीमोएबरेजन, फेस लिफ्ट आदि का भी प्रयोग कर सकती हैं।

## फेस मास्क

फेस मास्क चेहरे की झुर्रियों को मिटाने का बिलकुल सादा तरीका है। इसके लिए कई प्रकार के फेस मास्क प्रयोग में लाए जाते हैं। सामान्यत: प्रयोग होने वाले मास्क में मुलतानी मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है।

## कीमोएबरेजन

इस थेरेपी में व्यक्ति का चेहरा स्पिरिट से साफ करके उस पर फिनेल तथा अन्य रासायनिक पदार्थ त्वचा के नीचे पहुंच कर झुर्रियों को कम करने में सहायक होते हैं। रासायनिक पदार्थों के कारण त्वचा की संरचना में मूलभूत परिवर्तन होता है, जो कि सादे मास्क में नहीं हो सकता। यही कारण है कि कीमोएबरेजन का प्रभाव एक-दो वर्ष तक रहता है।

## फेस लिफ्ट

फेस लिफ्ट कास्मेटिक सर्जरी का आपरेशन है। इसके द्वारा कॉस्मेटिक सर्जरी करके ढीली त्वचा को खींच दिया जाता है। त्वचा को खींचने पर झुर्रियां अपने आप खत्म हो जाती हैं तथा त्वचा में युवावस्था जैसा खिंचाव पैदा हो जाता है। व्यक्ति कितना भी वृद्ध क्यों न हो, फेस लिफ्ट करके उसकी त्वचा में युवावस्था की त्वचा जैसा निखार पैदा किया जा सकता है। एक बार फेस लिफ्ट कराने का असर लगभग दस वर्षों तक रहता है। तत्पश्चात दोबारा फेस लिफ्ट कराने की आवश्यकता पड़ती है। फेस लिफ्ट के आपरेशन के साथ वृद्धावस्था के अन्य लक्षण मिटाने के भी आपरेशन किए जाते हैं जैसे-

- लटकी भौहों को ऊपर उठा दिया जाता है, जैसे कि युवावस्था में होता है।
- लटकी पलकों को तथा पलकों के नीचे होने वाली सूजन को हटा दिया जाता है।



कहते हैं पति-पत्नी का रिश्ता, तब और मजबूत होता है, जब उन दोनों में कोई बात छिपी न रहे। लेकिन चौकाने वाली बात तो यह है कि महिलाएं अक्सर कुछ बातें पुरुषों से छिपा लेती हैं।



# महिलाएं छिपा लेती हैं कई बातें

**बहुत** से ऐसे पुरुष हैं, जो कि वास्तव में यह जानना चाहते हैं कि वो ऐसा क्या करें कि वो अपनी प्रेमिका का दिल जीत सकें। महिलाओं के लिए यह गर्व का विषय होता है। जबकि दूसरी ओर बहुत सी महिलाएं चाहती हैं कि बिना बताए ही पुरुष उनकी बातों को समझ जाएं।

**बातूनी महिलाओं :** पुरुष बातें करना कम पसंद करते हैं और वो इस बात से भी इनकार नहीं कर सकते कि महिलाएं उन्हें कहीं ज्यादा समझती हैं। महिलाएं अकसर बातें करना पसंद करती हैं, वो बहुत सी बातें एक दूसरे से बांटती हैं और उनके लिए एक दूसरे से जुड़ने का यह एक अच्छा माध्यम होता है।

**मां से तुलना पसंद नहीं :** इस बात को गलत ना समझें, लेकिन यह सच है सभी महिलाएं अपनी मां से बहुत प्यार करती हैं, लेकिन वो यह सुनना पसंद नहीं करतीं कि वो अपनी मां जैसा खाना बनाती हैं या ऐसी तारीफ। मां पूरी दुनिया में सबसे अच्छी होती है। वो अच्छा खाना बनाना जानती है और बच्चों को खुश रखना भी जानती है। लेकिन फिर भी महिलाएं अपनी मां जैसा बनना नहीं चाहतीं। तो उन्हें यह बात सबसे बुरी लग सकती है कि वो अपनी मां के जैसी हैं।

**शिकायत से परहेज :** महिलाएं यह जानती हैं कि चीजों को कैसे व्यवस्थित करना है। स्क्रू ड्राइवर से ड्रिल तक उन्हें पता होता है कि आपके टूल बाक्स में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कैसे करना है। बहुत सी अकेले रहने वाली महिलाओं को पता होता है कि उन्हें चीजों को कैसे व्यवस्थित करना है। आप इस बात के लिए उनसे शिकायत नहीं कर सकते, क्योंकि इसके बहुत से कारण हो सकते हैं। आप ऐसा नहीं कह सकते कि आप यह काम नहीं कर सकते, क्योंकि उनके पास किसी भी काम को आपसे कराने के बहुत से बहाने होते हैं।

**बढ़ा-चढ़ाकर कहने की आदत :** अवश्य ही वो मूर्ख थे और इसी कारण आपने उन्हें छोड़ दिया, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वो आपसे कम प्यार करती हैं। आप शायद हजारों या लाखों में से एक होंगे और इसी कारण आप सबसे अच्छे हैं। हमें बात को थोड़ा बढ़ा-चढ़ा कर कहने की आदत होती है।

**प्रतिबद्धता से डर :** सिर्फ इसलिए कि एक लड़की 5 साल की उम्र से ही शादी के सपने देखती है इसका अर्थ यह बिलकुल नहीं है कि उसके जीवन में जो भी पहला लड़का आयेगा, वो उसे स्वीकार कर लेगी। हम भी अपनी आजादी चाहते हैं। कड़ी प्रतिबद्धता से सभी को डर लगता है और प्रतिबद्धता को लेकर हम बहुत ही सावधान रहते हैं।

# शरारती बच्चे को ऐसे समझाएं

बच्चे नासमझ व अंजान होते हैं। समय के साथ-साथ उनकी समझ बढ़ती है। बच्चों का नटखट होना भी स्वाभाविक है और कई बार बच्चे ऐसी नासमझी व शरारत करते हैं, जिससे बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी परेशानी का कारण बनते हैं।

**अगर** घर में छोटा बच्चा हो तो ऐसे में बड़ों को कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए, जिससे बच्चा सुरक्षित रह सके-

- कोई भी धारदार वस्तु जैसे ब्लेड, कैंची, रेजर, चाकू आदि बच्चों की पहुंच से दूर रखें।
- वलनशील पदार्थ पेट्रोल, डीजल, केरोसीन, तेजाब आदि स्टोर रूम में ही रखें।
- माचिस, लाइटर आदि सुरक्षित स्थान पर ही रखें।
- दवाइयां, शराब, दर्द निवारक गोलियां, बाम, सेंट मि आदि बंद अलमारी में ही रखें।
- शू पोलिश, ब्रश, टूथपेस्ट, शेविंग मि, अफटर शेव लोशन, आदि इस्तेमाल के उपरान्त अलमारी में ही रखें।
- बाथरूम का दरवाजा कभी भी खुला न छोड़ें। इससे बच्चा अपने कपड़े गीले कर सकता है। भूल से भी आधी भरी पानी की बाल्टी या टब बाथरूम में न छोड़ें।
- सुई, बटन, आलपिन, हेयरपिन, सिलाई आदि की वस्तुएं ढक्कनदार डिब्बे में ही रखें।
- साइकिल, मोटरसाइकिल, स्कूटर आदि वाहन साइड स्टैन्ड लगाकर खड़ा न करें, इससे दुर्घटना हो सकती है।
- बिजली के बटन, प्लग आदि अगर नीचे लगे हो तो उन्हें टेप से ढंक दें।
- बच्चे के गले में कभी भी धागा, ताबीज आदि कस कर न बांधें। अगर धागा बांधना ही हो तो ढीला बांधे।
- टीवी, फ्रिज-कूलर, प्रेस, गैस, चूल्हे, स्टोव आदि से बच्चों को दूर ही रखें।
- गैस सिलेण्डर से हमेशा बच्चों को दूर रखें। कभी छेड़छाड़ करने या खेलने न दें।
- कमरे में कहीं पर भी कम ऊंचाई पर कील लगी हो तो उसे तुरन्त निकाल दें।
- साबुन, शैम्पू आदि कभी खुला न छोड़ें।



# डेटिंग का चक्कर

पहली मुलाकात और फिर डेट्स की शुरुआत से एक अच्छे रिश्ते की जड़ मिलती है। डेट्स तो आमतौर पर प्रेमी जोड़े के लिए प्रयोग किया जाता है, लेकिन सच तो यह है कि यह हर रिश्ते के लिए जरूरी होता है। चाहे वह पति-पत्नी का रिश्ता हो, माता-पिता के साथ या फिर भाई-बहन के साथ। लेकिन सबके अपने मायने अलग होते हैं।



कभी सोचा कि डेटिंग जरूरी क्यों होती है। वह इसलिए कि इससे आपको वचनबद्धता के सम्बन्ध में बंधने से पहले अपने भावी साथी को बेहतर जानने में मदद मिलती है। ज्यादा डेट्स व्यक्ति के संयम की परीक्षा ले सकती है और तब आपके सामने आता है आपके साथी का असली रूप, जिसे देखकर आपको यह तय करने में मदद मिलती है कि इसके साथ लम्बे समय का सम्बन्ध बनाया जाए या नहीं?

- लोग अपनी पहली डेट में सबसे अच्छा व्यवहार करते हैं और बाद की डेट्स यह जानने के लिए महत्वपूर्ण होती हैं कि व्यक्ति की असलियत कैसी है?
- डेटिंग आपको अपने साथी को बेहतर समझने में और यह जानने में मदद कर सकती है कि क्या वह आपके लिए बिलकुल उपयुक्त है या नहीं ?
- बिना पहले से जाने-समझे सीधे किसी से लम्बी अवधि का सम्बन्ध कायम कर लेना मूर्खतापूर्ण कदम है, क्योंकि इससे बाद में दिल भी टूटते हैं और जब असलियत सामने आती है, तब दूसरी परेशानियां भी खड़ी होती हैं ।
- डेटिंग मजबूत सम्बन्ध बनाने में मदद करती है।

डेटिंग की मदद से आप अपने साथी को समझ सकते हैं।

### हेल्थ हूल महोत्सव स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की उत्कृष्ट पंक्ति

# डॉ भारती कश्यप व जिला प्रशासन की कार्य सराहनीय - प्रो. स्टीफन मरांडी

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड, विमेन डॉक्टर्स विंग आई एम. ए. झारखण्ड एवं जिला प्रशासन, पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में पाकुड़ पुराना सदर अस्पताल में आयोजित हेल्थ हूल महोत्सव में विभिन्न बीमारी से सम्बन्धित लगे स्टॉल का रांची से आये डॉक्टर भारती कश्यप, उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा बारी- बारी से निरीक्षण किया गया। साथ ही पाकुड़ जिला भर से आये बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों की सुविधार्थ हर एक अवयवों को दशार्या गया। लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो, जिसे लेकर हर बिन्दुओं पर पैनी नजर रखी जा रही थी। महोत्सव में तैनात सुरक्षा बलों के द्वारा हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। साथ ही लोगों को उनके जरुरत के ध्यानार्थ सहयोग किया जा रहा था। स्वास्थ्य हूलदिवस मेला में जिले के सभी डॉक्टर्स, एएनएम अन्य कर्मियों को एक्टिव देखे गये। करीब हजारों से अधिक संख्या में आये बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों ने उनके जरुरत के मुताबिक लगे स्टॉल में सम्पर्क कर आवश्यक उपचार कराया। आयोजित मेले का सर्वाधिक फोकस सार्वाइकल कैंसर मोतियाबिंद अन्य गंभीर बीमारी पर रही। साथ ही रांची से आये डॉक्टर भारती कश्यप की टीम ने उपस्थित बीमारी से पीड़ित व्यक्ति का उपचार किया। इलाज से पहले सभी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति का नाम पंजीकृत व स्क्रीनिंग किया गया। हेल्थ हूल



महोत्सव में आये उपस्थित सभी अतिथियों का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। साथ ही हेल्थ हूल महोत्सव का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो स्टीफन मरांडी, डॉ भारतीय कश्यप, उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीडीसी महेश कुमार संथालिया, जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम, सीएस डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, झामुमो जिला संगठन प्रभारी अजीजुल इस्लाम, युवा नेत्री उपासना मरांडी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े बेहतर कार्य किये डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान मुख्य अतिथियो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। तत्पश्चात दिव्यांग जनों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर प्रोवाइड किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा, तम्बाकू से हानिकारक अवेयरनेस अन्य हेतु जागरूकता रथ को मुख्यातिथि के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही उपायुक्त मनीष कुमार ने ब्लड डोनेट किया। महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने जिला प्रशासन पाकुड़ एवं डॉ भारती कश्यप के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की वजह से ही इतना बड़ा आयोजन यहां हुआ, हेल्थ हूल महोत्सव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहले पाकुड़ बहुत ही पिछड़ा था, लेकिन वर्तमान में बहुत सुधार हुआ है। पहले पाकुड़ जिले के लोग उपचार कराने बंगाल जाते थे। लेकिन अब बहुत सारे रोगों का इलाज सदर अस्पताल पाकुड़ में ही किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न रोगों का इलाज निःशुल्क किया गया है। इस शिविर से बहुत लोग लाभान्वित हुए हैं। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार हेतु बेहतर प्रयास जिला प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य के साथ शिक्षा के क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा सुधार हेतु प्रयासरत हैं। उन्होंने जिला वासियों से अपील किया कि सरकारी अस्पताल में भी बेहतर इलाज किया जा रहा है, आप इसका लाभ अवश्य उठाए। उपायुक्त ने बताया कि हेल्थ हूल महोत्सव प्रत्येक माह आयोजित की जायेगी। जहां तक संभव हो सके पाकुड़ स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास करेंगे। जिसमें सभी की सहायोग की जरूरी है। एक सकारात्मक आयाम के साथ सरकार की हेल्थ से जुड़े सभी स्कीम को धरातल पर बास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने की लक्ष्य है, जिससे पाकुड़ वासियों को लाभ मिल सके व स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था में एक उत्कृष्ट पंक्ति सृजित हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ हूल महोत्सव में करीब दस हजार लोगों को अबतक पंजीकृत किया गया है। साथ ही करीब पांच हजार लोगों का स्क्रीनिंग किया जा चुका है। वही सड़क सुरक्षा के ध्यानार्थ एसपी प्रभात कुमार ने भी कई महत्वपूर्ण अवयवों को दशार्या। वही समाचार लिखे जाने तक 3518 मरीजों का उपचार किया गया। मौके पर अपार समाहर्ता जेम्स सुरीन, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजुर, समाज कल्याण पदाधिकारी ग्लाडिस बसंती बाड़ा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, नगर प्रशासक अमरिंदर कुमार चौधरी, एसडीओ साइमन मरांडी, अंचलाधिकारी/ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत डॉ अमित कुमार, डॉ केके मण्डल, एमओआईसी मो० गुफरान आलम, एसडीपीओ डीएन आजाद, विधायक स्वस्थ प्रतिनिधि मुख्तार हुसैन आदि समेत काफी संख्या में मरीज उपस्थित रहे।

# एसपी, डीएसपी व एसडीपीओ हुए सोहराय महापर्व मिलन समारोह में शामिल, की तारीफ

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ पुलिस लाइन केन्द्र में पाकुड़ पुलिस सोहराय समिति की ओर से (6वां वार्षिकी-2025) आदिवासी समाज सोहराय महापर्व मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित सोहराय महापर्व मिलन समारोह के बतौर मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीएसपी (मुख्यालय ) जितेन्द्र कुमार, डीएसपी अजय आर्यन, एसडीपीओ डीएन आजाद व एसडीपीओ विजय कुमार के पहुंचते ही आयोजकों की ओर से उनकी आदिवासी पारंपरिक रीति-रिवाज से जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने आयोजित सोहराय महापर्व का आदिवासी रीति- रिवाज से विधिवत उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस केन्द्र में पेड़ भी लगाये। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि मैं करीब आठ साल से झारखण्ड में कार्यरत हुं और आदिवासी समुदाय से जुड़े जितना भी पर्व देखा, वो काबिले तारीफ है। हर एक पर्व की एक उम्दा/ उत्कृष्ट पहचान है। जो प्यार, भाईचारे के साथ- साथ प्रकृति व प्राकृतिक से सम्बन्धित हर आवश्यक पहलुओं को दशार्ता है।

आपको बता दे सोहराय महापर्व एक प्राकृतिक रूप से जुड़े हुए महापर्व है, जिसमें पेड़ की पूजा की जाती है और यह बड़े ही पर्व धूम-धाम से हर साल मनाया जाता है। इस महापर्व में भाई- बहन के अटूट प्रेम भावना को मजबूती प्रदान करने की उत्कृष्ट पंक्ति को कलमबद्ध करता है। बहन अपने भाई के घर जाते हैं और भाई अपनी बहन की बड़े ही प्यार से विनम्रता के साथ बहन की खातिरदारी भी किया करते हैं। आयोजित सोहराय महापर्व मिलन समारोह में पाकुड़ पुलिस प्रशासन के लगभग सभी एसआई/ एएसआई व जवानों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया।

# सड़क सुरक्षा को ले रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ (झा०खं०), 05 जनवरी 2025 को जिला परिवहन पदाधिकारी, पाकुड संजय पीएम कुजूर के नेतृत्व में पाकुड़ थाना एवं लिटिपाड़ा थाना मुख्य मार्ग थाना क्षेत्र अन्तर्गत सभी वाहनों पर Reflect for Safety लगाने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रकार के रोड बारीकेटर, व्यावसायिक वाहन एवं ऑटो रिक्शा में retro reflective tape install लगा कर एवं सड़क पर परिवहन कर रहे हैं सभी प्रकार के वाहन जो बिना हेलमेट एवं सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सभी नियमों का उल्लंघन करने तथा ड्रंक एंड ड्राइव कर- के वाहनों के चालकों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का महापर्व मनाया जा रहा है के बारे मे बताया गया। साथ नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से मोटवाहन अधिनियम 2019 के धाराओ के अन्तर्गत दंड की राशि 10000, साथ ही पाकुड़ न्यायालय भेजने का प्रावधान के बारे में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन के द्वारा सभी आम लोगों एवं चालकों को बताया गया। इसके अलावे वाहन में reflective tape लगा रहने से रात के अंधेरे में एवं घना कोहरा में भी वाहन के आगमन का स्पष्ट रूप से पता चलता है, जिससे वाहन सड़क दुर्घटना होने से बचे रहने की पंक्ति को दशार्या। सभी वाहन स्वामियों को निश्चित रूप से retro reflective tape वाहन में लगाये रखने के लिए सूचित किया गया। इसके अलावे कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, सड़क अभियंत्रिक विश्लेषक अजहद अंसारी, आईड्ड टीड्ड सहायक अमित कुमार एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा ही जीवन है।

# सीजीएल परीक्षा मामले में सीआईडी ने जारी किया दूरभाष संख्या / ईमेल, सीआईडी को साझा कर सकते हैं सम्बन्धित सूचना

एनपीटी ब्यूरो, रांची, झारखण्ड में जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा मामले में सीआईडी उक्क्ष्जांच तेज हो गयी है। सीआईडी ने आमलोगों से परीक्षा में गड़बड़ी सम्बन्धी साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा है। मामले को लेकर सीआईडी ने एक विज्ञापन जारी कर लोगों से अपील की है। साथ ही एक नंबर भी जारी किया गया है, जिसमें इस परीक्षा से सम्बन्धित जानकारी दी जा सकती है। आपको बता दे कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सीआईडी इस प्रकरण की जांच कर रही है। जो सक्रिय एक्टिविटी की उत्कृष्ट पंक्ति को दशार्ता है। सीआईडी ने अपने विज्ञापन के माध्यम से अपील किया है कि अगर किसी के पास सीजीएल परीक्षा पेपर लीक से जुड़ा कोई भी साक्ष्य हो, तो वह इसे सीआईडी को सौंपें, इन साक्ष्यों को जांच में शामिल किया जायेगा और इसकी निष्पक्ष जांच की जायेगी। जिन लोगों के पास इससे जुड़ा कोई साक्ष्य है तो 9934309058 नंबर पर कॉल कर जानकारी साझा किया जा सकता है। यही नहीं एक ईमेल आईडी भी दी गयी है। फोन कॉल के साथ ही २स्त्र्@स्त्रङ्घ्.ङ्ग५.ल्ल की मेल आईडी पर भी जानकारी दी जा सकती है। सूचना देने/ प्रोवाइड करने वालों की पहचान गुप्त रखी जायेगी। मामले के अनुसंधान के लिए डीजीपी सह-सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने एसआईटी भी गठित कर दी है। इस मामले में बनी एसआइटी का अध्यक्ष सीआईडी की डीआईजी संध्या रानी मेहता को बनाया गया है, जबकि सदस्य के रूप में सीआईडी की एसपी निधि द्विवेदी, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, डीएसपी मुख्यालय-01 अमर कुमार पांडेय और सीआईडी के डीएसपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता को भी शामिल किया गया है। आपको बता दे कि सीजीएल परीक्षा-2023 में गड़बड़ी के आरोप में सीआईडी ने दो केस दर्ज कर लिया है। पहला केस रांची पुलिस से टेकओवर करने के बाद दर्ज किया गया है, जो रातू थाने में दर्ज हुआ था, जबकि दूसरा केस झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग(जेएसएससी) की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

# अंगिका समाज की हुई बैठक, लिया गया निर्णय

**एनपीटी ब्यूरो**




पाकुड़ (झा०खं०), अंगिका समाज की एक आवश्यक बैठक रविवार को नवीन युग विद्यालय, पाकुड़ में आहूत की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता डॉ. मनोहर कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रुप से आमंत्रित अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी, जिला सचिव संजय कुमार शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष कैलाश झा?, युवा जिलाध्यक्ष हिसाबी राय सहित अन्य गण्यमान्य समाज के व्यक्ति उपस्थित थे। उक्त बैठक के विचारणीय विषय पर निम्न प्रस्ताव पारित किया गया जो निम्न प्रकार है। अंगिका समाज की ओर से गत वर्ष की भांति वर्ष 2025 के प्रथम माह के 19 जनवरी 2025 को श्री गुरुदेव कोचिंग सेन्टर, पाकुड परिसर में ( पुषभत्ता ) वनभोज आयोजित किया जाय। निर्णय लिया गया कि अंगिका समाज में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वालों के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर अंगिका रत्न देकर उन्हें सम्मानित किया जाय। अंगिका समाज के सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वालों का चयन समिति के द्वारा दिये गये प्रस्ताव के अनुसार वर्ष 2025 के लिए निम्न व्यक्तित्व पर सहमति जताई गई। महेन्द्र मिश्र-सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक, सिताबी राय-सेवानिवृत्त, रेलवे गार्ड, रमेश चन्द्र सिंह, सेवा निवृत्त सहायक अभियन्ता, रंजू ठाकुर सफल गृहिणी, अंकित पाण्डेय प्रदेश कुश्ती विजेता । साथ ही अंगिका समाज सदस्यता अभियान, सदस्यता प्रपत्र भरवाने एवं शुल्क जमा कराने पर विशेष बल देने पर के लिए वार्ड के संयोजक पर जबावदेही दी गई। सम्पुष्ट सदस्यता प्रपत्र व शुल्क राज्य को प्रेषित करने पर अगली बैठक में निर्णय लिए जायेंगे। राज्यस्तरीय कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। नव वर्ष में नये लक्ष्य का निर्धारण पर विचार-विमर्श किया गया। गत बैठक की सम्पुष्टि की गई। वर्ष 2024 में किये गये कार्यो की समीक्षा के बाद जिला सचिव के द्वारा बताया गया कि अंगिका समाज रत्न 04 फरवरी 2024 को कुल छः समाज के सम्मानित व्यक्तित्व को जिसमें चार जिला के डॉ. बिन्दु भूषण, डॉ. निर्भय कुमार सिंह, भागीरथ तिवारी, युवा जवाहर कुमार सिंह एवं दो प्रदेश के पदाधिकारी को अंगिका प्रदेश अध्यक्ष व अंगिका महासचिव डॉ. श्रीमोहन सिंह को सम्मान पत्र व मोमेंटो से समारोह में सम्मानित किया गया। 18 फरवरी 2024 से लगातार शहरकोल, गोकुलपुर, धनुषपूजा, छोटी अलिगंज, तलवाडांगा, खदानपाड़ा, राज उच्च विद्यालय रोड, आनन्दपुरी कॉलोनी, सरला कॉलोनी में सदस्यता अभियान चलाया गया । अध्यक्ष की अनुमति व जिला संयोजक रामरंजन कुमार सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्त की गई।

# आउटरीच कार्यक्रम के तहत आमजनों को किया गया जागरूक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आज पाकुड़ सदर के रण्डांगा, न्यू अंजना, रहसपुर समेत पाकुड़िया प्रखण्ड के डोमिनगड़िया, खाकसा में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स याकूब अली, सायेम अली, मैनुल शेख, किंग्सुक नाग, मलिका सरकार, मोकमाउल शेख समेत अपने-अपने क्षेत्रों में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह- विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत आमजनों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में डीएलएसए से मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता, कानूनी जानकारी, योजनाओं के जानकारी समेत बाल श्रम से होने वाले नुकसान, बच्चों के भविष्य पर पड़ने वाले प्रभाव, अनाथ बच्चों को मिलने वाली स्पॉन्सरशिप योजनाओं से फायदे, समेत कई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया गया।

# गर्भवती महिला को रक्तदान कर असादुल बने मानवता का परिचयक

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ इंसानियत फाउन्डेशन के माध्यम से एक गर्भवती मां को सहायता प्राप्त हुआ।सदर अस्पताल रामपुरहाट में इलाज के दौरान इलामी के सोनिया बीबी को ओ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ी। डॉक्टर ने जल्द से जल्द ब्लड व्यवस्था करने को कहा, परिजनों ने खूब प्रयास किया पर रक्त का कुछ उपाई नहीं हो पाया, तब परिजनों ने इंसानियत फाउन्डेशन में मदद की गुहार लगाई। सुचना के आधार पर इंसानियत फाउन्डेशन के उप सचिव आसादुल मुल्ला तुरन्त रक्तदान के लिए राजी हो गया। इसके पहले भी असादुल मुल्ला ने कई बार रक्तदान कर चुके हैं, उन्होंने रामपुरहाट ब्लड बैंक जाकर रक्तदान किया। तब जाकर इलाज संभव हो पाया। परिवार वालो ढेर सारी दुआए दिय। मौके पर इन्सानियत फाउन्डेशन के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, मरीज के परिजन व कर्मचारी मौजूद थे।

### विधायक के सौजन्य से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन

# सह- वनभोज में उपासना मरांडी ने परोसे खाना

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते रविवार को जिले के महेशपुर प्रखण्ड के पीर पहाड़ में महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो० स्टीफन मरांडी के सौजन्य से महेशपुर विधानसभा के कार्यकताओं हेतु एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह-वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह- वनभोज कार्यक्रम में महेशपुर विधानसभा के महेशपुर व पाकुड़िया प्रखण्ड के सैकड़ो कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रो० स्टीफन मरांडी ने कहा कि सर्वप्रथम आप सभी को नये साल की बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ। इस नव वर्ष के अवसर पर आप सभी कार्यकर्ता पार्टी




को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य करते रहे, जिस प्रकार से आपने विगत विधानसभा चुनाव में मुझे भारी बहुमत से जिताया है, उसके लिए आप सभी के प्रति आभार प्रकट करता हुं। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष श्याम यादव, जिला संगठन प्रभारी एजाजुल ईस्लाम, वरीय जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, जिला सचिव सुलेमान बास्की सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। सभी ने पार्टी को मजबूत करने की दिशा में अपने अपने सुझाव दिया। बैठक के पश्चात सभी कार्यकताओं ने वनभोज का आनंद लिया, जहां युवा नेत्री उपासना मरांडी ने अपने हाथों से कार्यकताओं को खाना परोसा। मौके पर जिलाध्यक्ष श्याम यादव, केन्द्रीय समिति सदस्य हाजी समाद आली, जिला संगठन प्रभारी अजीजुल ईस्लाम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, महेशपुर प्रखण्ड अध्यक्ष अनारूद्दीन मियां, पाकुड़िया प्रखण्ड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, पाकुड़िया प्रखण्ड सचिव मैनुद्दीन अंसारी, जिला संगठन सचिव कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, जिला सदस्य अब्दुल उदूद, जिला सदस्य असद अंसारी, कलाम अंसारी सहित महेशपुर व पाकुड़िया प्रखण्ड के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एमआईईटी में कश्मीरी यूथ एक्सचेंज प्रोग्रामः चौथे दिन स्वास्थ्य, कृषि और सांप्रदायिक सौहार्द पर विशेष सत्र

एनपीटी ब्यूरो

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में चल रहे छह दिवसीय कश्मीरी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के चौथे दिन स्वास्थ्य, कृषि, इतिहास और सांप्रदायिक सौहार्द पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों का उद्देश्य कश्मीरी युवाओं को नए कौशल और ज्ञान प्रदान करना था। पहले सत्र में दीपक कुमार ने सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रेससिटेशन) की ट्रेनिंग दी। उन्होंने बताया कि हृदय गति रुकने पर केवल पांच मिनट के भीतर दिया गया सीपीआर व्यक्ति की जान बचा सकता है। उन्होंने इस तकनीक को सभी के लिए आवश्यक बताते हुए इसे सीखने पर जोर दिया। सत्र के दौरान सीपीआर का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे युवाओं को आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी मिली। दूसरे सत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के कृषि वैज्ञानिक डॉ. हरिओम कटियार ने कश्मीर के युवाओं को जलवायु-अनुकूल खेती की जानकारी दी। उन्होंने किचन गार्डनिंग पर विशेष व्याख्यान दिया और घरों में फल और सब्जियां उगाने के व्यावहारिक सुझाव दिए। इस सत्र ने युवाओं को कृषि में नवीन दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।




तीसरे सत्र में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर विग्नेश कुमार त्यागी ने कश्मीर और मेरठ के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने गुर्जर, जाट और गडरिया जैसी समुदायों का उल्लेख किया, जो दोनों क्षेत्रों में पाई जाती हैं। उन्होंने युवाओं को इन सांस्कृतिक समानताओं के माध्यम से मेरठ से भावनात्मक रूप से जोड़ा। चौथे सत्र में एनएएस डिग्री कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज शर्मा ने मेरठ के हिंदू-मुस्लिम इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने नौचंदी मेले को सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बताते हुए इसके ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा की। इस सत्र ने युवाओं को भारतीय संस्कृति की विविधता और सामंजस्यपूर्ण इतिहास से परिचित कराया।

दोपहर में कश्मीरी युवाओं के लिए खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, टेबल टेनिस, रस्साकशी जैसे खेलों में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों ने टीम वर्क और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा अधिकारी यशवंत सिंह, नरेंद्र त्यागी, एमआईईटी के मीडिया हेड अजय चौधरी और अखिल गौतम सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा दिव्य कल्पतरु है जो धर्म, अर्थ ,काम के साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करने में सक्षम हैंः आचार्य श्याम सारथी

## श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन

एनपीटी ब्यूरो

सुल्तानपुर। चांदा के प्रतापपुर कमैचा गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या से पधारे आचार्य श्याम सारथी जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण श्रवण कल्पवृक्ष से भी बढ़कर है। क्योंकि कल्पवृक्ष धर्म, अर्थ और काम ही दे सकता है। मुक्ति और भक्ति नही दे सकता है। लेकिन श्रीमद्भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह धर्म, अर्थ ,काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है।

संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा को आगे बढ़ाते हुए ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुये आचार्य श्री ने कहा कि रानी सुनीति को संतान उत्पन्न ना होने के कारण महाराज उत्तानपाद ने दूसरा विवाह सुरुचि से किया। जैसे ही राजा के जीवन सुरुचि आई और सुनीती गयी, मानो रुचि आ गयी और नीति चली गई। सब कुछ बदल गया । इसलिए जीवन में नीति का अनुसरण करना श्रेयाकर है। रुचि का अनुसरण दुख का कारण है। कथा मध्य संगीतमयी भजनों पर उपस्थित जनमानस जहां झूम उठा, वही वातावरण भक्तिमय हो उठा।



इसके पूर्व मुख्य जजमान तिलकधारी मिश्र ने व्यास पीठ का पूजन व आरती किया। संचालन सनातन ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विद्याधर तिवरी ने किया। राजीव मिश्र, अरविन्द मिश्र, धनेश्वर शर्मा, उमाशंकर मिश्र, इंद्रजीत, अशोक दूबे, प्रताप नरायण ओझा, अमृतलाल जायसवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# गौर सिद्धार्थम में प्रदूषित जल आपूर्ति पर आविप ने जारी किया नोटिस




एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद । आवास विकास परिषद की ओर से सिद्धार्थ विहार योजना की गौर सिद्धार्थम सोसायटी बिल्डर को नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस दूषित पेयजल के संबंध में है। अधिशासी अभियंता ने नोटिस के जरिए बिल्डर को स्पष्ट किया है कि यदि दूषित पानी पीने से सोसायटी में किसी तरह का संक्रमण फैलता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी बिल्डर की होगी। संक्रमण फैलने पर विभाग आवश्यक कार्रवाई करेगा।

अधिशासी अभियंता विकास गौतम ने बताया कि बिल्डर पर विभाग का करीब साढ़े तीन सौ करोड़ का बकाया है। बिल्डर चोरी छिपे रजिस्ट्री कर रहा है। उन्होंने बताया कि जब तक बिल्डर द्वारा विभाग का रुपया जमा नहीं किया जाता तब तक बिल्डर की ही जिम्मेदारी बनती है कि वह अपनी सोसायटी में रह रहे लोगों को साफ पानी एवं अन्य सुविधाएं मुहैया कराएं। विकास गौतम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने पिछले दिनों सोसायटी से पानी के 11 नमूने भरे थे, जो सभी दूषित पाए गए। ऐसे में बिल्डर को नोटिस जारी कर साफ पानी देने को कहा गया है।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री इन्द्र विक्रम के निर्देशन पर जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों लोनी, सदर एवं मोदीनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। मोदीनगर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, इस दौरान 53 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। लोनी तहसील में एसडीएम श्री राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें 35 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण हुआ। सदर तहसील में एसडीएम श्री अरूण दीक्षित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें 24 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण हुआ। इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 112 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# एंटी-करप्शन टीम की कार्यवाई के विरोध में लेखपाल संघ ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

-एण्टी करप्शन / विजिलेन्स टीम द्वारा लेखपालों को साजिशन फंसाये जाने का लगाया आरोप



एनपीटी ब्यूरो

महसी बहराइच। शनिवार दोपहर लेखपाल संघ महसी के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह को सौंपा। लेखपाल संघ महसी के अध्यक्ष सुनील कुमार अवस्थी ने बताया कि बीते कुछ दिनों से लगातार एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपालों को सजेशन फसाया जा रहा है इसके विरोध में लेखपाल संघ द्वारा आज मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह को सौपा गया है जिसमें मांग की गई है कि लेखपालों पर जो भी कार्रवाईयां की जा रही है उनकी सबसे पहले जांच की जाए उसके बाद ही उन्हें गिरफ्तार किया जाए। लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी है जिसका सम्बन्ध जनता से सीधे होता है। जनता की भूमि विवाद सहित अधिकांश समस्याओं से सम्बन्धित संदर्भ निस्तारण हेतु लेखपाल के पास ही आते हैं। दो पक्षों के विवाद के निस्तारण सम्बन्धी की गयी कार्यवाही से किसी एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। पंचायत/ विकास विभाग की विविध योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराने एवं अवैध अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से भी अतिचारी / प्रभावित व्यक्तियों के परिवार लेखपाल से दुश्मनी ठान लेता है और लेखपाल को क्षेत्र की राजनीति में घसीटने का भी प्रयास किया जाता है। इस प्रकार विधि विरूद्ध कार्य कराने में असफल एवं विविध कारणों से असंतुष्ट व्यक्तियों द्वारा लेखपालों के खिलाफ साजिश करके एण्टी करप्शन टीम द्वारा पकड़वाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

एण्टी करप्शन कार्यालय द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर शिकायतकर्ता को उकसाकर स्वयं बोल बोल कर शिकायती प्रार्थनापत्र लिखवाया जाता है और प्री ट्रैप जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फंसाने के विविध प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है। अधिकांश प्रकरणों में शिकायत पत्र में उल्लिखित कार्य लेखपाल से सम्बन्धित भी नहीं होता है और न ही लेखपाल द्वारा कोई रिश्वत की मांग की गयी होती है। लेखपाल को सामने मिलने पर शिकायतकर्ता द्वारा जबरन उसकी जेब / हाथ / वाहन / कक्ष में पैसा रख दिया जाता है। टीम द्वारा जबरन पकड़कर लेखपाल के हाथ में पैसा रखवाकर अथवा पाउडर लगाकर अथवा अपने पाउडर लगे हाथ से लेखपाल का हाथ पकड़कर, पानी के गिलास में धुलवाये जाते हैं कई घटनाओं में तो दलालों / साजिशकताओं द्वारा पैसा लेने के आधार पर लेखपाल को बिना रिश्वत स्वीकार किये ही गिरफ?तार किया जा रहा है। जिस कारण लेखपाल वर्तमान परिवेश में भय के कारण जनसामान्य से दूर होता जा रहा है और सही कार्य करने में भी डर रहा है। जिससे सरकार एवं सरकारी कर्मचारियों की छवि धुमिल होती जा रही है। प्रदेश के लेखपालों में झूठी घटनाओं के कारण आक्रोश व्याप्त है। अतः इस पर रोक लगाया जाना अति आवश्यक है।

इस मौके पर सुनील कुमार अवस्थी, प्रभात अवस्थी, जितेन्द्र प्रताप मिश्र, शिवप्रकाश पाण्डेय, कदीर खान, बृजेश सिंह, देवप्रकाश सिंह, आनन्द सिंह पवार, दुर्गेश, प्रदीप, दीपिका, अर्चना, हेमलता सहित अन्य लेखपाल उपस्थित रहे'

# बस नहीं मिलने से परेशान रहे यात्री यात्री, दोपहर बाद चलीं ई-बसें

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दौरान रोडवेज की 250 बसें दोपहर 12:30 बजे तक नहीं चलीं। मोहननगर पर डायवर्जन होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री अपने गंतव्य तक पैदल गए। मोहननगर बस अड्डा से चलने वाली 51 बसों को गाजियाबाद से चलाया गया, ऐसे में मेरठ और बुलंदशहर जाने वाले यात्री बस का इंतजार करते रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर आगमन से पहले रोडवेज के बसों के पहिये थम गए। आनंद विहार और कश्मीरी गेट से उत्तराखंड, हरिद्वार, ऋषिकेश, कोटद्वार सहित अन्य जगहों के लिए चलनी वाली 200 बसें नहीं चलीं। कौशांबी बस अड्डा से 49 बसें नहीं चली। कोई परिवार तो कोई अपने बैग और सामान के साथ अपने गंतव्य की ओर पैदल गए।

ग्रेटर नोएडा के राम नरेश ने बताया कि आनंद विहार जाना था, मगर मोहननगर पर रूट डायवर्जन होने से वहीं पर उतार दिया गया। मोहननगर से वसुंधरा लाल बत्ती तक पैदल चलने के बाद भी कोई सवारी वाहन नहीं मिले। ऐसे में साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र से महाराजपुर होते पैदल आनंद विहार तक जाना हुआ। कौशांबी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे तक संचालन बंद रहा, प्रधानमंत्री के जाने के बाद संचालन शुरू कर दिया गया।



**36 ई-बसों का हुआ संचालन**

प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सुबह के समय शहर की रूट पर ई-बसों का संचालन बंद रहा। दोपहर बाद शहर के गोविंदपुरी, मसूरी, दादरी, गोविंदपुरम और लोनी रूट पर कुल 36 ई-बसें चलीं।

अतिरिक्त डिपो प्रभारी ने बताया कि मोहननगर पर डायवर्जन होने की वजह से पहले चरण में ई-बसें नहीं चली। दोपहर में दूसरे चरण में 36 बसों का संचालन किया गया।

**साहिबाबाद-गाजियाबाद तक नहीं चली नमो भारत**

रविवार सुबह आठ बजे से दोपहर 12:30 बजे तक साहिबाबाद-गाजियाबाद तक नमो भारत ट्रेन का संचालन बंद रहा। गाजियाबाद-मेरठ साउथ तक सामान्य नमो भारत का परिचालन होता रहा। साहिबाबाद से संचालन बंद होने से मेरठ जाने वाले यात्रियों को परेशानी हुई। कई यात्री साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर पहुंचे, मगर संचालन बंद होने की वजह से उन्हें नमो भारत ट्रेन पकड़ने के लिए मोहननगर तक पैदल जाना पड़ा।

इसके बाद वहां से ऑटो या कैब से गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पहुंचने के वह अपने गंतव्य के लिए गए। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम खत्म होने के बाद दोपहर 12:30 बजे से साहिबाबाद से नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू कर दिया गया।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

रक्षामंत्री से स्कूलों में प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण लागू करवाने का अनुरोध

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक पर अतिथि गृह बनवाने की मांग भी की

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। शनिवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पदाधिकारियों का एक दल संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी के नेतृत्व में रक्षामंत्री से मिला। नई दिल्ली स्थित रक्षा मंत्री के आवास पर हुई इस मुलाकात में राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने राजनाथ सिंह को फरसा, शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूलों में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण दिए जाने के अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने कारगिल शहीद स्मारक पर अतिथि गृह का निर्माण करवाने का अनुरोध भी किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजिंदर पाल त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण और चरित्र निर्माण के लिए सबसे अच्छा रास्ता ये है की हम हाई स्कूल लेवल पर छात्र छात्राओ को प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण दिलवाए जिसके लिए राष्ट्रीय सैनिक संस्था तत्पर भी है और सक्षम भी है`

स्कूलों में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण दिए जाने की पैरवी सदैव राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने की है। उनके अनुसार बच्चों को यदि शुरू से ही देश सेवा के लिए समर्पित



रहने के लिए तैयार किया जाए तभी एक अच्छे और विकसित राष्ट्र निर्माण का सपना साकार हो सकता है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को दिल्ली जाकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिला। संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने रक्षामंत्री को बताया कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था कारगिल शहीद स्मारक पर बेरोजगार युवकों को प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण देती है। इस प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण को स्कूलों में भी लागू किया जाये। जो छात्र प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण ले लेंगे वो एक अच्छे नागरिक बनने के साथ साथ एक सिपाही बनने के लिए भी तैयार रहेंगे। ऐसे बच्चे देश की ऐसी धरोहर बन जाएँगे जो सार्वजनिक संपत्ति का न नुकसान करेंगी और न किसी को नुकसान करने देगी। इसके साथी ही उन्होंने कारगिल शहीद स्मारक पर शहीद सरदार भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते समय रक्षामंत्री द्वारा किये गए वायदे को याद दिलाया और इस शहीद स्मारक एक अतिथि गृह बनाने का निवेदन किया। इसके लिए रक्षामंत्री ने शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

प्रतिनिधि मण्डल में राजन छिब्बर, कर्नल मुकेश त्यागी, गौरव सेनानी ज्ञान सिंह, गौरव सेनानी चंदन सिंह, गौरव सेनानी गणेश दत्त, मीडिया सचिव गौरव बंसल, एड. सुनील कुमार व अंजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।